I,SEEMA GUPTA alias SEEMA DAHIYA D/O,DAYANAND DAHIYA W/O,AMIT KUMAR GUPTA R/O,Flat-No-JG02, Pioneer-Park,Golf-Course Extension-Road, Sector-56,Gurugram, Haryana-122011 changed my-name to SEEMA DAHIYA. 0040739648-3

I,Pooja D/o Satyender Sharma,R/o D-32,Harsh Vihar,Hari Nagar,Part-3,Badarpur, Jaitpur, Delhi-110044,have changed my name to Pooja Sharma. 0040739648-6

I,Mohd Shuaib,S/o Late Sharif Ahmad,R/o-1209,Gali No.-39/4, Jafrabad,Delhi-110053,have changed my name,from from Mohd Shuaib to Mohammad Shuaib,for all future purposes. 0040739604-1

I,PRAMOD KUMAR S/o Kishan Singh, R/o B-47 Gali No.2,Nakul Marg,North, Chhajjupur Shahdara Gokal Pur Delhi-110094 declare that name of my minor son has been wrongly written as LOVE SAINI in my minor son namely LOVE aged 15 years in his school record.The actual name of my minor son is LOVE. 0040739635-9

I,PARDEEP, S/o. MR.CHAND SINGH,R/o.-RZF-905/21A, 2ND FLOOR,LBS MARG,RAJ NAGAR-II,PALAM COLONY,NEW DELHI-110077,inform that PARDEEP & PARDEEP LOHCHAB,both names are same person. 0040739604-7

I,NARENDER SINGH CHAUHAN,S/O-KHYURAJ SINGH CHAUHAN,R/o-A-37,Vasant-Marg, Vasant-Vihar,South-West Delhi-110057,declare that name of my father has been wrongly written as K H YUVRAJ SINGH CHAUHAN in my 10th-Class Educational Documents and Graduation-Degree(BCA).The actual name of my father is KHYURAJ SINGH CHAUHAN. 0040739640-10

I,NAHEEM,S/O-Allanoor R/O.Village Sirsa Kalan Ahtmali,Tehsil,Hasanpur,Police-Station, Rehra,Post Rehra,Block,Gangeshwari,District-Amroha(Uttar Pradesh)-244255,have changed my name to Mohd Naeem for all purposes. 0040739592-7

I,NADEEM AHMAD,S/O-NAEEM AHMAD,R/O-47,NAI-BASTI OKHLA,NEW-DELHI 110025,IN MY PASSPORT MY AND MY FATHER NAME ARE INCORRECT-NADEEM AHMED,S/O-NAEEM AHMED CORRECT NAME ARE NADEEM AHMAD,S/O-NAEEM AHMAD. 0040739600-5

I,Manisha Goel alias Manisha Jindal,D/o Surendra Kumar Goyal W/o Manish Jindal,R/o H-112,Phase-1,Ashok Vihar Delhi-110052,have changed my name to Manisha Jindal. 0040739635-8

I,GURVINDER LAL,S/O-TIRATH BABLA,R/O-B-800,SAINIK-COLONY, SECTOR-49, FARIDABAD,HARYANA-121001,changed my minor son name AYAN to AYAN BABLA,For all,future purposes 0040739595-5

I,HIMANSHU S/O-ANIL KUMAR CHOPRA,R/O-PLOT.NO-117, NEAR-GURDWARA, CHANDNAGAR,WEST DELHI-110018,HAVE CHANGED MY NAME TO HIMANSHU CHOPRA,FOR ALL PURPOSES 0040739600-10

I, Sourabh Mehra S/o Mahesh Chander Mehra residence F-39/766A, Gali No-10, Ganesh Nagar-2, Shakarpur, East Delhi-110092 have changed my name from SORABH MEHRA to SOURABH MEHRA for all future purposes. 0040739619-1

I,HIMANSHU SAKHUJA S/O LALIT SAKHUJA R/O 46/8, FIRST-FLOOR EAST PATEL NAGAR KALINDI COLLEGE CENTRAL DELHI-110008, HAVE CHANGED MY NAME TO HIMANSHU SAKHUJA. 0040739635-6

I,ANIL KUMAR,S/O-KUNDAN LAL CHOPRA,R/O-PLOT NO-117,NEAR-GURDWARA, CHAND-NAGAR,WEST DELHI-110018,HAVE CHANGED MY NAME TO ANIL KUMAR CHOPRA FOR ALL PURPOSES. 0040739600-9

I,Hazi Yameen,S/O Mohd Yunus,R/O H.No.A-1383, A-Block, Gali.No-23,Shri Ram-Colony, Rajiv-Nagar,Delhi-110094.have changed my name to MOHD YAMIN. Permanently. 0040739595-9

I,GURVINDER LAL,S/O TIRATH BABLA,R/O,B-800 SAINIK-COLONY SECTOR-49,FARIDABAD HARYANA-121001,changed my minor Daughter name BHOOMI to BHOOMI BABLA,For all,future purposes. 0040739595-6

I,GURVENDER LAL,S/o TIRATH BABLA, R/o,B-800 SAINIK COLONY SECTOR-49, FARIDABAD HARYANA-121001,have changed my name to GURVINDER BABLA.For all future purposes 0040739595-4

I,GIRISH KUMAR SABLOK S/O KHAN CHAND H.NO.B-260, T/F, SURAJMAL VIHAR,ANAND VIHAR, SHAHDARA,DELHI 110092 changed my name to GIRISH SABLOK. 0040739640-2

I,Divya Hemant Sikka W/o Hemant Sikka,R/o A-266,Second Floor,Meera Bagh,Paschim-vihar, Delhi-110087,have changed my name to Divya Sikka. 0040739595-7

I,Hemant Subhashchandra Sikka S/o Subhas Chandra Sikka R/o,A-266, Second-Floor,Meera Bagh, Paschim vihar,Delhi-110087,have changed my name to Hemant Sikka. 0040739595-8

I,JYOTI KAUSHIK W/o AMOL PANKAJ MANNAN, H.NO.96, POCKET-1,SECTOR-22, ROHINI,DELHI-110086, have changed my name to JYOTI KAUSHIK MANNAN,FOR ALL,FUTURE PURPOSES. 0040739648-2

I,Davinder Kaur Hora,W/O Manjit Singh Hora,R/O-B-22 Mansarovar Garden New Delhi-110015 Have Changed My Name to Devender Kaur Permanently 0040739640-1

I,Kamlesh D/o Om Prakash Goyal W/o Sushil Bansal, H.No-177, FF,Pocket-5,Sector-22,Rohini, Delhi-110086 have changed my name to Kamlesh Bansal. 0040739635-3

I,June Lall D/O Shri Bagh Mal R/O C-1,Ganesh Nagar,Tilak Nagar Delhi-110018,changed my name to Sunita DUA. 0040739600-1

I,Jai Pal Singh,S/o Om Prakash,H.No - 5359/6, Street No.6,New Chandrawal, Jawahar Nagar, Delhi-110007,Changed my name to Jaipal. 0040739592-5

I,ANJALI KASHYAP,D/O BRIJESH KUMAR KASHYAP,R/O-Gali.NO-9,Vidya-Vihar, Sihani-Road,Ghaziabad,Post-Ghaziabad,Uttar Pradesh-201001,declare that name of mine has been wrongly written as ANJALI in my 10th-Class Marksheet and name of mine has been wrongly-written as KM ANJALI in my 12th-Class Marksheet & Certificate. The actual name of mine is ANJALI KASHYAP. 0040739592-10

I,Amandeep Singh Jaggi S/o Bhupinder Singh Jaggi R/o 2-C/40, 1ST-Floor,New Rohtak Road,Karol Bagh, W.E.A,Delhi-110005,that my children school records Jaskaran singh and Darsh Deep Kaur my name is wrongly written/mentioned as Amandeep Singh instead of Amandeep Singh Jaggi. Which may be amended accordingly. 0040739640-5

I, Vijay Kumar Bajpai S/o Sh. Mayadhar Bajpai R/o 667 Ahir Mohalla Nangloi Village Delhi-41 have changed my name to Vijay Bajpai. 0040739578-1

I POOJA BABBAR alias POOJA DHAWAN D/O,RAMESH KUMAR DHAWAN W/O,HARSH BABBAR R/O,H.NO-103, Pocket-F-25, Sector-3 Rohini Rajapur-Kalan, North-West, Delhi-110085,changed my-name to POOJA RAMESH KUMAR DHAWAN. 0040739642-8

I, Sharanyaa W/o Santhanagopalan.K R/o, Flat-No.135, Sahyog-Apartments, Mayur-Vihar Phase-1, Delhi-110091 have changed my name to Sharanyaa.S for all purposes. 0040739642-1

I, Shakuntala Devi W/o Prateek Singh R/o Mansoorpur, Semra Larpur,Rampur, UP-244924,have changed my name to Shakuntla Devi for all purposes. 0040739575-1

I, Satish S/o Tara Chand R/o FCA 43,Bhimsen Colony,Ballabgarh, Faridabad have changed my name to Satish Sharma. 0040739592-1

I, Sandeep Kumar Aggarwal (alias Sandeep Aggarwal) s/o Joginder Pal r/o A-1/46, Paschim Vihar, New Delhi-110063 have changed my name to SANDEEP KUMAR. 0040739577-2

I, Sachin Kumar Rai S/o Subodh Kumar Rai, R/o 6908, Qila Kadam Sharif, Nabi Karim, Pahar Ganj, New Delhi-55 declare that my father's name has been wrongly written as Subodh Kumar Rai in my School Records & 10th and 12th Class Documents. The actual name of my father is SUBODH KUMAR RAY which will use for all purpose in future. 0040739616-1

I,Bhupender Chaudhary,S/o Sukhbir Chaudhary,R/o-H.no.47,Ground Floor,Block-6,Rajendra Nagar,Sector-2, Sahibabad,Ghaziabad,Uttar pradesh-201005,have changed my name and shall hereafter be known as Pinki Chaudhary. 0040739648-1

I,Banarsi Lall, S/O Shri Gopal Dass,R/O C-1 Ganesh Nagar,Tilak-Nagar,Delhi 110018, changed my name to Banarsi Lal DUA. 0040739600-2

I, Gopala Krishnan Sharda D/o Rajam Iyer Gopala Krishnan Iyer, R/o 25D, A-3, Jagriti Apartments, Sector-71, Noida, G.B. Nagar U.P.-201301 have changed my name from Gopala Krishnan Sharda to G Sharda for all future purposes. 0040739610-1

I, SUJATA MINHAS, W/O MOHAN CHARAN, R/O H NO-529, SECTOR-A POCKET-C VASANT KUNJ, SOUTH WEST DELHI-110070, have changed my name to SUJATA MOHAN CHARAN for all future purposes . 0070913926-1

I, Naresh Kumar S/o Shamburam Goel R/o H.No.1040, Sector 17,Faridabad have changed my name to Naresh Goel. 0040739592-2

I, KUMARI NAINIKA D/o No.4061929F RANK Ex NK MOHAN SINGH R/o TA 176/1, FIRST FLOOR RIGHT SIDE FROM STAIR, GALI No.-3, TUGHLAKABAD EXTN., KALKAJI, SOUTH DELHI, DELHI-110019 HAVE CHANGED MY NAME TO NAINIKA CHAUDHARY VIDE AFFIDAVIT DATE 22.7.24 BEFORE DELHI 0070913977-1

I, Dipti Gupta W/o Rajneesh Gupta R/o H.No.85, Sector 9, have changed my name to Deepti Gupta. 0040739592-3

I, Khanna Sanjeev S/o Raja Ram Khanna R/o 39B, GT Road, Yamuna Enclave, Panipat, Haryana-132103 have changed my name to Sanjeev Khanna 0070913988-1

I, Khanna Namita W/o Sanjeev Khanna R/o 39B, GT Road, Yamuna Enclave, Panipat, Haryana-132103 have changed my name to Namita Khanna 0070913976-1

I,AJAY SAXENA S/O KASHI RAM,H.NO-4649/B2/16,STREET.NO-11,NEW MODERN BUDH-BAZAR SHAHDARA,EAST-DELHI-110032,have changed my name to AJAY KUMAR,for all,future purposes. 0040739604-2

I, Humera Kausar Quddusi W/o Inamur Rehman R/o 385/218, Lane No.15, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name from Humera Quddusi to HUMERA KAUSAR QUDDUSI for all future purposes and legal documents. 0040739573-1

I hitherto known as LOUNDU SINGH Urf RAJESH S/O RAM LAL R/O H.NO-C-61, STREET NO-1 C-BLOCK, PRATAP NAGAR, SABOLI VILLAGE, NORTH EAST DELHI-110093 have changed my name and shall hereafter be known as LOUNDU. 0040739574-1

I Varun Kumar S/o Rohtash Dahiya R/o F-12, Swati Apartments, I.P.Extension, New Delhi-110092 have changed the name of my minor son from Havish Dahiya to Shaurya Singh Dahiya for all purposes. 0040739571-2

I MANJU,THE SINGLE PARENT,RESIDENT 373,SECTOR-15,SONIPAT, HARYANA HAVE CHANGED MY MINOR SON NAME FROM HARDITYA TO HARDITYA SINGH. 0040739592-6

I MANJU D/O RAVINDER SINGH ANTIL RESIDENT HOUSE NO-373,SECTOR-15,SONIPAT,HARYANA HAVE CHANGED MY NAME TO MANJU ANTIL. 0040739592-5

I Jyoti D/O, Abdul Rashid R/o Wz-1573 Tihar Village Tilak Nagar New Delhi 110018 have changed my name to Zarina. 0040739582-1

I Jatin Groveer S/O, Bal Kishan Grover R/o A5-B/ 429, DDA Flats, Shanti Kunj, Paschim Vihar, New Delhi- 110063 have changed my name to Jatin Grover vide Affidavit Dtd: 22/07/2024 sworn before notary Rajkumar, Delhi. 0040739580-1

I Hitesh S/O, Ashok Kumar R/o Rz-93 Indra Park Uttam Nagar Delhi-110059 have changed my name to Hitesh Patpatia. 0040739581-1

I Gaurav Aggarwal S/o Ram Bhagat Aggarwal R/o A-504/4, Near A Block Gurudwara, VTC:Shastri Nagar, PO:Ashok Vihar, Sub District:Saraswati Vihar, District: North West Delhi, Delhi-110052 have changed the name of my minor daughter from Pihu Aggarwal to Taavisi Aggarwal for all purposes. 0040739571-1

I GURPREET SINGH S/O AMARJIT SINGH R/O-28, Ground-Floor, Arjun-Nagar, Safdarjung-Enclave, South-West Delhi-110029,changed my-minor daughter's name PRIJAS to PRIJAS KAUR aged-5-Years. 0040739642-10

I DIVYANKA D/O ASHOK MALIK R/O Gac-024 New Town Heights Sector-86, Nawada Fatehpur(112) Gurgaon, Haryana-122004, changed my-name to DIVYANKA MALIK. 0040739642-11

I DIMPLE SETIA D/O GULSHAN SETIA W/O ANIRUDH SINGH R/O,H.No-24-B Gh-10, Sunder-Apartment, Paschim-Vihar, West-Delhi-110087, changed my-name to DIMPLE SETIA SINGH. 0040739642-6

I ATITHI VERMA D/O JITENDRA VERMA R/O,Flat-No-602 Tower-P City-Apartments, Aditya Word-City Nh-24 Ghaziabad,Kavi-Nagar Uttar Pradesh-201002 changed my name to ADITI VERMA. 0040739642-9

I Ishant S/O Puran Chand,House.no-361 sector -4 Rewari Haryana -123401 have changed my Name to ISHANT KALRA Permanently. 0040739635-4

I AMANDA D/O NAWINDRA KUMAR SINGH R/O-9-E, CPWD-Colony, Vasant Vihar-1, South-West Delhi-110057 changed my name to AMANDA SINGH. 0040739642-7

I, VISHAL DAVID S/O Francis David, R/o 2515 A/27, Tughlakabad Extn., South Delhi, Delhi-110019 have changed my name to VISHAL FRANCIS DAVID for all purposes. 0040739605-1

I,OM PRAKASH,S/O MOHAN R/O B F-16, J.J.COLONY,MADANGIR,NEW DELHI-110062,have changed my minor daughter's name from MOHINI BANSAL to ANUSHKA VERMA, for all,future purposes. 0040739640-3

I, SARLA DEVI, W/O DHARAM VEER SINGH R/O. WZ-501, NARAINA VILLAGE, N.D-28 CHANGED MY NAME TO SARLA TANWAR. 0130043656-1

सार्वजनिक सूचना

PUBLIC NOTICE

My clients, Mrs. Shrastha Sumbly (aged 57 years, wife of Mr. Raj Kumar, residing at B-128, Sector-122, Noida, U.P-201301, Aadhar No. 847517025517) and Mr. Raj Kumar(aged 64 years, son of Mr. M L Sumbly, father of Pranay Sumbly, residing at B-128, Sector-122, Noida, U.P-201301, Aadhar No. 539114448803), hereby declare that they have disowned their son, Pranay Sumbly from all their movable and immovable assets. From this point forward, my clients shall not be responsible for any acts done by their son. The above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Anam Siddiqui (Advocate)
D/6216/2018

PUBLIC NOTICE

My client **Pushpa Saini W/o Late Sh. Pardeep Saini R/o KH. No. 68/1 Main Road, Bhor Garh, PO: Bhorgarh, North West Delhi, Delhi 110040** severe all relations & Debar her Son **Rahul Saini,** S/o Late Sh. Pardeep Saini from all movable-immovable property(s) due to misconduct, disrespect and immoral behaviour. And, whosoever will deal with the **Rahul Saini** S/o Late Sh. Pardeep Saini will be doing so at his own risk and responsibility and my client shall not be liable for any act of the Rahul Saini S/o Late Sh. Pardeep Saini.

Sd/-
AKASH
Advocate
Ch. No. 707, Lawyers Block,
Saket Court, New Delhi

सार्वजनिक सूचना

मेरी मुवकिल्ला **श्रीमति शकुंतला धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री बीरबल** निवासी बी 109, गली नंबर 3, बी-ब्लॉक, निकट जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, सादतपुर विस्तार, दिल्ली-94 ने अपने पुत्र अजयपाल सिंह और उसकी पत्नी रेणुबाला को उनके तीनों बच्चों सहित उनके निरंतर दुर्वयव्हार, गाली-गलोच, लड़ाई-झगडा और अपमानजनक व्यवहार तथा दुराचरण से तंग आकर उनके साथ अपने समस्त संबंध समाप्त करके उन्हे अपनी समस्त चल-अचल संपति से बेदखल कर दिया है और अब उनके किसी भी कार्य से मेरी उपरोक्त मुवकिल्ला का किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहेगा।

K.K. LUTHRA (Advocate)
Chamber No. E-211, IInd Floor,
Lawyer's Chamber Block,
Karkardooma Courts, Delhi

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Ashok Kumar Son of shri Rijumal owner of Shop No. B-940, New Subzi Mandi, Azadpur, Delhi, has applied for duplicate paper of the aforesaid Shop such as original allotment Letter, Possession letter and NOC for Water and Electricity connection has been lost. File No.F.SM(62)69/Impl, An FIR (LR.No.1955375/2024) to this effect has been lodged in the police station crime branch Delhi on dated 21/07/2024. Any person claiming any right, intrest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with the above named person at above address/Phone nn.9311171793, Dy. Director (CE) or Director (CE), DDA Office Vikas Sadan, New Delhi, within 15 days from the date of publication of this notice.

PUBLIC NOTICE

My Client Smt. Seema Arora W/o Late Shri Mukesh Arora R/o House No. C-241, Gali No. 40, 60 Feet Road, Mahavir Enclave, Part - 3, New Delhi 110059, have severed all relations with her son namely Shri. Ashish Arora and have disowned & disinherited him from all her movable and immovable properties due to his untoward behaviour and conduct. Whosoever deals with him in any manner, shall do so at his/her own risk and peril.

Anirudh Gupta (Advocate)
Enrll. No. D/4483/15

PUBLIC NOTICE

It is hereby notified that my client Sh. Sumit Gupta S/o Sh. Narender Kumar Gupta R/o A- 16/1, Golden Park, Shiv Puri, Delhi-110051 has lost the original title documents i.e. (1) Sale Deed dated 20.05.1965, (2) Partition Deed dated 22.12.2001, (3) Letter of Administration granted by Sh. Shiv Narayan Dhingra, District Judge, Delhi dated 04.02.2006 in probate case no.339/2024, with respect to property No.B/27, Golden Park, Shiv Puri, Delhi-110051, if anyone found, please contact mobile no.9810275406, 9899291465.

Sd/-
A.C. DAVID
Advocate
304, Madras House,
67/4, Darya Ganj, New Delhi-02

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that my client I P Singh Bhasin S/o Late Sd. Manna Singh intend to sell his property situated at Punjabi Bagh west bearing plot no 47 at West Avenue Road, New Delhi-110026. Any person having any right, title, interest, claim or demand of any nature whatsoever in respect of the said property, is hereby required to make the same in writing along with the documentary proof thereof, to the undersigned at within 15 days from the date of publication hereof, failing which claims if any shall be deemed to have been considered given up or waived.

Anurag Paliwal (Advocate)
D-728, Street No.4,
Shakarpur New Delhi-110092

PUBLIC NOTICE

Know by public at large that my client **Sh. Ramesh Kumar,** S/O Lt. Sh. Assa Singh, currently residing at WZ-298, upper ground floor, gali no.4, shrinagar, Ranibagh Delhi-110034, aadhar card no. 8713-4557-5935 has disowned/ debarred his one of the sonie. **Ashish Dung** resident of WZ-3376, Mahindra park, Rani bagh, Delhi-110034, having aadhar card no. 5102-4047-7485, from his all movable and immovable properties due to misconduct. Any persons deal with them, then my client shall not be responsible at all.

Sd/-
SANDEEP KUMAR
Advocate
Ch. No. 214, D-Block, IInd Floor,
Karkardooma Court, Delhi-110032

PUBLIC NOTICE

Be it known to whole world at large that I, Brij Lal s/o Baijnath r/o G -1 Block /36, Gali No.2, Sai Enclave, Mohan Garden, New Delhi - 110059, have revoked public notice dated 20/08/2020, published in Newspapes 'Indian Express' and 'Jansatta', regarding disownment and disinheritance of my son namely Ajay Kumar Yadav, from all my movable & immovable properties, w.e.f 20.07.2024. Henceforth, my son and his wife, their legal heirs or any person claiming through them, will have claim, right, title and interest in my movable and immovable properties as per applicable law. **Manoj Kumar, Advocate Chamber No. 114, 1" Floor, Western Wing,Tis Hazari Court, Delhi.-110054**

PUBLIC NOTICE

MY CLIENTS RITA AND HER SON SUNIL SHARMA ANIL SAHRMA AND HER DAUGHTER RAJNI RESIDENT OF D 434 PEERAGARI CAMP SHAKUR BASTI DEPOT SO NORTH WEST DELHI-110056 HEREBY REMOVE THEIR RELATIONSHIP AND EXPEL THEIR HUSBAND/FATHER AJAY SHARMA AGE 59 YRS. D 434 PEERAGARI CAMP SHAKUR BASTI DEPOT SO NORTH WEST DELHI-110056 FROM ALL THEIR MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES BECAUSE HE IS OUT OF THEIR CONTROL. IF ANYBODY DEALS WITH HIM, HE/SHE WILL DO SO ON HIS/HER OWN RISK.

PRAGATI GAHLAUT
(Advocate)
OFFICE:-C-62, CLJ LAWYER
CHAMBERS TIS-HAZARI, DELHI-54

PUBLIC NOTICE

Notified that my client's (1) Mohd Farukh S/o Nabi Akram (2) Shabjadi Khatoon W/o Md Farukh both R/o House No.688. Black-D-1. JJ Colony, Bhalswa Delhi-110042, has severnd relations from their son Mohd Aftab and his wife Alina Praveen and their siblings, due to their cruel and harassing behavier towards my above named clients. Now they have no domestic relations with them and have disowned and disinherited them from all our movable & immovable properties.

Any person dealing with him/her/their will do at their own cost & risk and my clients should not be responsible for them. If any.

SAURABH COUPTA
Advocate
Enrl. No D/369/2011

पुणे की अदालत ने पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

पुणे, 22 जुलाई (भाषा)।

पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आइएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मनोरमा को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्हें 18 जुलाई को रायगढ़ जिले के महाड के पास हिरकनिवाड़ी गांव के एक लाज से पकड़ा गया था।

पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी। पुणे देहात की पौड पुलिस ने खेडकर दंपति और पांच अन्य पर आइपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 144 (घातक हथियारों से लैस गैरकानूनी जमावड़ा), 147 (दंगा) और 506 (आपराधिक धमकी) के अलावा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

नेशनल हेराल्ड मामला : हाई कोर्ट ने सोनिया, राहुल और सुब्रमण्यन से लिखित जवाब मांगा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यन स्वामी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को चार सप्ताह के भीतर लिखित व संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अदालत ने कहा कि तय अवधि के बाद लिखित जवाब 15 हजार रुपए के मुकदमा खर्च के साथ स्वीकार किया जाएगा।

अदालत ने इस मामले को बहस के लिए 29 अक्तूबर को सूचीबद्ध किया है। हाई कोर्ट सुब्रमण्यन स्वामी की ओर से नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई अदालत के समक्ष सबूत पेश करने का अनुरोध करते हुए दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य आरोपी हैं।

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने कहा

हमें अब यूसीसी की जरूरत को समझना चाहिए

भोपाल, 22 जुलाई (भाषा)।

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने कहा कि कानून निर्माताओं को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है और अब हमें देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता को समझना चाहिए।

उन्होंने पिछले सप्ताह भारतीय दंड संहिता, मुसलिम महिला (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आरोपों का सामना कर रही मुंबई की दो महिलाओं की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने कहा कि समाज में कई अन्य अपमानजनक, कट्टरपंथी, अंधविश्वासी और अति-रूढ़िवादी प्रथाएं प्रचलित हैं, जिन्हें आस्था और विश्वास के नाम पर छिपाया जाता है। वर्मा की एकल पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के संविधान में पहले से ही अनुच्छेद 44 में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की गई है, फिर भी इसे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तविकता में बदलने की आवश्यकता है। बेहतर ढंग से तैयार किया गया समान नागरिक संहिता ऐसी अंधविश्वासी और बुरी प्रथाओं पर लगाम लगा सकता है और राष्ट्र की अखंडता को मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि कानून निर्माताओं को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है। हमें अब अपने देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता को समझना चाहिए। यह मामला मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 से संबंधित है। तीन तलाक एक गंभीर मुद्दा है। मुंबई की मां-बेटी आलिया और फराद सैय्यद की याचिका का निपटारा करते हुए हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की। अपनी याचिका में दोनों ने आइपीसी, दहेज अधिनियम और मुसलिम महिला अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की थी, साथ ही महाराष्ट्र की सीमा से सटे बड़वानी जिले के राजपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के समक्ष लंबित परिणामी कार्यवाही को भी रद्द करने की मांग की थी।

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my clients Mr. Rishi Kumar S/o Late Mr. Ran Singh and Meenu W/o Mr. Rishi Kumar, R/o J-295, Dakshin Puri, Ambedkar Nagar, New Delhi-110062, have debarred, disowned their daughter namely Ms. Dakshita Rishi from their all movable and immovable properties and severed their all relations with her due to her disobedient, ill-treatment and hostile behaviour towards my clients and their other family members and she (Dakshita Rishi) is not under their control. My clients shall not be responsible for any of her act, conduct and deeds whatsoever in future of their daughter Dakshita Rishi. Anybody dealing with above said person shall be doing so at their own risk.

Ramesh Kumar (Advocate)
Enrolment No. D/1027/97/R
Chamber No. 325, Saket Court
Complex, New Delhi - 110017

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my clients **Anis Ahmed** S/o Lal Mohmmad and his wife **Smt. Shamma Parveen** W/o Anis Ahmed, both R/o A-37, Mange Ram Park Phase-1, Budh Vihar, Delhi-110086, have severed their relations from their son namely **Sameer Ahmed** and my above clients have also disowned and disinherited him from all their movable and immovable properties. Henceforth, anybody dealing with the said **Sameer Ahmed** may do so at his/her own risk and consequences and my above said clients shall not be held liable for any of the acts, deeds and things done by above Sameer Ahmed.

Sd/-
A.N. PANDEY (Advocate)
Chamber No. 552, Lawyer's Chamber
Dwarka Court, Complex, Sec-10,
Dwarka, New Delhi-110075

PUBLIC NOTICE

I, Madhu Bala W/o Late Sh. Yashvir Singh Sharma R/o RZ-A-104, Kh.No.112/7,8, Block-A, Madhu Vihar, Delhi-110059, wants to state that my hushand's bag is lost and we are unable to fund the bag and valuable relatables, property documents of the bag. Hence, I would like to declare that if anybody finds any bag Related to Yashvir Singh Sharma which is black in colour, Please contact to me and return the bag. The misuse of the document of relatables would be illegal and hence, if found, the person will be procescuted under law. Kindly contact me to return. My contact number is: 9999776853.

गुजरात में सार्वजनिक स्थानों से 503 अनधिकृत धार्मिक ढांचे हटाए गए

अहमदाबाद, 22 जुलाई (भाषा)।

गुजरात सरकार ने सोमवार को उच्च न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए पिछले तीन साल में सार्वजनिक स्थलों से लगभग 503 अनधिकृत धार्मिक ढांचे हटाए गए हैं।

महाधिवक्ता कमल त्रिवेदी ने मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल की पीठ को बताया कि राज्य सरकार ने निगरानी, नियमित तौर पर ऐसे ढांचों को हटाने और संबंधित विभागों को स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए स्थानीय प्रशासन स्तर पर समितियां बनाने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

त्रिवेदी ने कहा, 'लगभग तीन महीनों (स्वतः संज्ञान लेते हुए दायर याचिका पर 22 अप्रैल 2024 को सुनवाई किए जाने के बाद से) में 503 धार्मिक ढांचों को हटाया गया है, जिनमें से 236 जिला क्षेत्रों, जबकि 267 नगर निगम क्षेत्रों में थे।' नगर निगम क्षेत्रों में दो ऐसी संरचनाओं को नियमित किया गया है।

खबर कोना

अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

महापौर शैली ओबेराय ने सोमवार को करोलबाग जोन के वार्ड संख्या-86 में पूर्वी पटेल नगर और पश्चिमी पटेल नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया और क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान महापौर ने निगम अधिकारियों को अनधिकृत पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि अनधिकृत पार्किंग की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं पर भी अनधिकृत पार्किंग और अतिक्रमण न हो।

जामिया विवि में शाहिद खान मुख्य कुलानुशासक और सुरक्षा प्रभारी नियुक्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने मोहम्मद शाहिद खान को तत्काल प्रभाव से मुख्य कुलानुशासक और सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आदेश के अनुसार, यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील द्वारा विज्ञान संकाय के अतीकुर रहमान को तत्काल विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक और सुरक्षा प्रभारी के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के बाद की गई है।

प्रसाद नगर इलाके में तीन झपटमार गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 जुलाई (संवाददाता)।

प्रसाद नगर पुलिस टीम ने तीन शातिर झपटमारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। बदमाशों में से एक रोहित उर्फ पांडा पहले से भी दो मामलों में शामिल है। जबकि उसका साथी मिहिर एक आपराधिक मामले में संलिप्त है। जिला पुलिस अधिकारी के मुताबिक, तीन जुलाई को प्रसाद नगर इलाके में झपटमारी की एक वारदात हुई थी। इसमें तीन लोगों ने बापानगर इलाके में एक शख्स से मोबाइल छीन लिया था।

मेट्रो के खंभे से टकराई डीटीसी बस, महिला की मौत; 34 घायल

मादीपुर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास हुआ हादसा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में सोमवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की इलेक्ट्रिक बस का अचानक से संतुलन बिगड़ गया और वो सीधे मेट्रो के खंभे से टकरा गई। जिसके कारण बस में बैठे करीब 34 यात्री घायल हो गए। हादसे में 45 साल एक महिला की मौत हो गई।

इस दुर्घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूट नंबर 939 की यह बस मंगोलपुरी से आइएसबीटी आनंद विहार तक चलती है। यह हादसा मादीपुर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास हुआ।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सोमवार सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां प्रारंभिक जांच से पता चला कि मंगोलपुरी और आनंद विहार के बीच चलने वाली दिल्ली परिवहन निगम के (डीटीसी) बेड़े की इलेक्ट्रिक बस मेट्रो खंभे से टकरा गई। उपायुक्त ने कहा कि बस के अचानक ब्रेक लगाने के कारण एक आटो रिक्शा और मोटरसाइकिल भी पीछे से बस से टकरा गई। इस दुर्घटना में चालक और कंडक्टर समेत कुल 34 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने कहा कि बस में सवार 45 वर्षीय महिला यात्री को महाराजा अग्रसेन अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक अन्य 55 वर्षीय यात्री फिलहाल आइसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 34 घायलों में से कुछ का इलाज महाराजा अग्रसेन अस्पताल में जारी है, जबकि शेष घायलों को मोती नगर स्थित आचार्य भिक्षु अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि पंजाबी बाग पुलिस थाने में कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दुर्घटना से बचने के लिए मोड़ी बस

डीटीसी के एक अधिकारी ने दावा किया कि बस अपनी निर्धारित लेन में चल रही थी। एक मोटरसाइकिल सवार और एक आटोरिक्शा चालक अचानक दाएं मुड़ गए। दुर्घटना से बचने के लिए बस चालक भी दाएं मुड़ा लेकिन संतुलन खोने के बाद बस मेट्रो खंभे से टकरा गई। दुर्घटना के बाद काफी देर तक उस सड़क पर यातायात जाम की स्थिति बन गई।

बस की रफ्तार काफी तेज थी

मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि बस की रफ्तार काफी ज्यादा थी, जिसकी वजह से चालक उसपर नियंत्रण नहीं कर रख सका। बस और आटो को क्षतिग्रस्त हालत में पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने धारा 281, 125ए और 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर चालकों और घायलों से पूछताछ के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता चल सके।

चार मंजिला इमारत का खंभा टूटा, लोगों ने भाग कर बचाई जान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

फतेहपुर बेरी थाना क्षेत्र स्थित गदईपुर इलाके में रविवार देर रात एक पुरानी चार मंजिला मकान का खंभा टूट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर हड़कंप मच गया। घटना के वक्त मकान के अंदर 10-12 लोग मौजूद थे। सभी लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

मकान करीब 10 से 15 साल पुराना है, घटना के बाद मचा हड़कंप।

गनीमत रही कि इमारत पूरी तरह से नहीं गिरी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने समय पर स्थानीय लोगों की मदद से मकान को खाली कराया।

दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात करीब 1:00 बजे फतेहपुर बेरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रीन पार्क गदईपुर में एक मकान का खंभा टूट गया है और इमारत गिरने वाली है। सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर पुलिस की टीम पहुंची तो पता चला कि भूमिगत तल पर बने पार्किंग का एक खंभा टूट गया है। शुरुआती जांच से पता चला कि इमारत करीब 10-15 साल पहले बनी थी। खंभा टूटा तो काफी तेज आवाज आई। इमारत में जो लोग रहते थे, कुछ लोगों ने भाग कर जान बनाई। वहीं, कुछ लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि फिलहाल लोहे की रोड लगाकर खंभा को मजबूत कर दिया गया है। साथ ही लोगों से इमारत में जाने से रोका गया है, ताकि कोई अनहोनी नहीं हो।

किशोर की गला रेत कर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र में एक किशोर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस को उसका शव दूसरा पुश्ता स्थित नाले में मिला। उसकी गर्दन पर दो निशान मिले हैं।

पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस को घटनास्थल के पास से एक चाकू मिला है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। उत्तरी पूर्वी टिर्की ने बताया कि पिछले 19 जुलाई सुबह करीब 7:30 बजे पुलिस को दूसरे पुश्ता स्थित गली नंबर दो के पास एक किशोर के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वह अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस उसे अस्पताल गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत मामला हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

सिसोदिया को फिर नहीं मिली राहत, न्यायिक हिरासत 26 तक बढ़ाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

अदालत ने शराब घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सोमवार को 26 जुलाई तक बढ़ा दी।

राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश तब पारित किया, जब सिसोदिया को पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने 30 अप्रैल को कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और संबंधित धन शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

अदालत ने कविता के खिलाफ आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

अदालत ने शराब घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र पर सोमवार को संज्ञान लिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर ध्यान दिया और कहा कि मामले में उनके खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने सीबीआइ को कविता को पूरक आरोप पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया, जिन्हें वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

खुद को गोल्डी बराड़ बताकर मांगी रंगदारी, दो गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

पुलिस ने खुद को गोल्डी बराड़ बताकर रंगदारी मांगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ इस संबंध में पिछले 20 जुलाई को थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की पहचान रोहिणी सेक्टर-16 निवासी मनोज उर्फ बंटी (40) और गोहना, हरियाणा निवासी अनिल सिवाच (43) के रूप में हुई है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने सोमवार को बताया कि पिछले 18 जुलाई की रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति को अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया और रंगदारी मांगी। पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

उपायुक्त ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एक टीम गठित की गई। फोन रिकार्ड की जांच के बाद अनिल सिवाच को गिरफ्तार किया गया और बाद में रविवार को उसके सहयोगी मनोज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि शिकायतकर्ता का मनोज के साथ रुपए को लेकर विवाद था। ऐसे में मनोज ने अपने दोस्त अनिल के साथ मिलकर यह साजिश रची। पुलिस ने बताया कि अनिल एक ई-कामर्स कंपनी के माध्यम से आनलाइन उत्पाद बेचने का काम करता है जिसके लिए वह फोन करने के खातिर अंतरराष्ट्रीय नंबर का इस्तेमाल करता है।

ज्ञान और समृद्धि का संदेश देती हैं पुस्तकें : अमिताभ कांत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

लेखक और जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि पुस्तकों का संदेश सरल होता है, ज्ञान और समृद्धि का संदेश। यह आपकी सोच को प्रफुल्लित करने और आपको अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने में मदद करती है।

कांत पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'द रीडर्स कांक्लेव' के नाम से माटी ट्रस्ट के पाठक समागम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पाठक समागम के पहले संस्करण में कारपोरेट प्रबंधन, जीवनी, यात्रा वृतांत, इतिहास, आध्यात्मिकता से लेकर कथा साहित्य, बाल कथा और कविता तक लगभग सभी विधाओं की पुस्तकों को शामिल किया गया है। माटी के संयोजक आसिफ आजमी ने कहा कि पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के अलावा, हम पाठकों को मूल स्रोत की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में राम बहादुर राय ने कहा कि किताबों की अहमियत कभी कम नहीं होगी।

मामले को लेकर दो वकील आपस में भिड़े

नई दिल्ली, 22 जुलाई (संवाददाता)।

लक्ष्मी नगर थाना स्थित विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट परिसर में शनिवार को दो वकील एक मामले को अपने हाथ में लेने के लिए आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक दूसरे पर लात और घूंसे से हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग निवारक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

Co - Sponsor
National Disaster Management Authority
State Partner
Relief Commissioner Office, Govt Of Uttar Pradesh
Associate Partner
Uttar Pradesh Fire & Emergency Services Govt Of Uttar Pradesh
Labour Department, Govt of Uttar Pradesh
Organiser
PHD CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY VOICE OF INDUSTRY AND TRADE
Co - Organiser
SAFETY APPLIANCES MANUFACTURERS ASSOCIATION

3rd EDITION
उत्तर प्रदेश फायर एंड सेफ्टी एक्सपो एंड कांफ्रेंस
UFSEC
औद्योगिक सुरक्षा (एचएसई), अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया पर एक विशेष प्रदर्शनी और सम्मेलन
24th-25th जुलाई 2024

उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा
फायर एंड सेफ्टी एक्सपो एंड कांफ्रेंस

औद्योगिक सुरक्षा

आपदा प्रतिक्रिया

अग्नि सुरक्षा

अवश्य पधारें!

सुरक्षित कार्य है कर्तव्य हमारा, सुरक्षित जीवन से जुड़ा है भविष्य हमारा,
आइये, आग को दूर रखने के लिए और
सुरक्षा को बढ़ाने के लिए "रास्ता प्रज्वलित करें"

TITLE SPONSOR
KARAM knowing your needs better
PLATINUM SPONSORS
Radico SPIRIT OF EXCELLENCE
CP PLUS
DIAMOND SPONSORS
EIL
EURO SAFETY SOLUTIONS
GOLD SPONSORS
IndianOil
igl
25
SAFETY CONTROLS & DEVICES LTD.
INDORAMA
ARMORFIRE
SPARK MINDA
Mechartes
SUPPORTING PARTNER
एनटीपीसी NTPC
sidbi
Ravel
ZOLOTO VALVES
moglix
SLMG
KNOWLEDGE PARTNER
MEDIA PARTNER

समय :
सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक
स्थान :
हॉल नंबर 01, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क 2, ग्रेटर नोएडा

प्रदर्शनी प्रवेश निशुल्क

स्पॉट रजिस्ट्रेशन (कांफ्रेंस)
कौशिक फुलोरिया
+91 88824 64168

यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust
प्रधान कार्यालय : 10, बी.टी.एम. सरणी, कोलकाता-700 001
ग्राहक अनुकूल समाधान करें आपका जीवन आसान
यूको अपराजिता
यूको एम बैंकिंग प्लस के साथ एक पेशेवर की तरह अपने वित्त का प्रबंधन करें
यूको स्टार्ट-अप-स्कीम
कार ऋण ब्याज दर 8.45% प्रति वर्ष*
गृह ऋण ब्याज दर 8.30% प्रति वर्ष*
1800-103-0123 | 7666399400 | 8334001234 | सीकेवाईसी कार्ड के लिए मिस्ड कॉल : 7799022129

कुल कारोबार	अग्रिम	जमा	निवल लाभ	सीडी अनुपात	सीआरएआर	पीसीआर	जीएनपीए	निवल एनपीए
11.46% (वर्ष-दर-वर्ष)	17.64% (वर्ष-दर-वर्ष)	7.39% (वर्ष-दर-वर्ष)	147% (वर्ष-दर-वर्ष)	72.07%	17.09%	95.76%	3.32%	0.78%

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित समेकित (समीक्षित) वित्तीय परिणाम (₹ लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही (समीक्षित)	30.06.2023 को समाप्त तिमाही (समीक्षित)	31.03.2024 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
1	परिचालन से कुल आय (निवल)	685942	585695	2511987
2	अवधि का निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवाद और / या असाधारण मदों के पूर्व)	86247	34666	256885
3	अवधि का कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (अपवाद और / या असाधारण मदों के पश्चात)	86247	34666	256885
4	अवधि का कर पश्चात समेकित निवल लाभ/(हानि) (अपवाद और / या असाधारण मदों के पश्चात)	55530	22493	167155
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/हानि सहित) (कर पश्चात) एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)	संदर्भ नोट - 2		
6	प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी	1195596	1195596	1195596
7	आरक्षित निधि (आरक्षित निधि के पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर)	1226027	1084444	1226027
8	प्रतिभूति प्रीमियम खाता	362571	362571	362571
9	निवल मूल्य	1624551	1420661	1611085
10	चुकता ऋण पूंजी / बकाया ऋण	0.07	0.09	0.08
11	बकाया प्रतिदेय अधिमान शेयर	–	–	–
12	ऋण ईक्विटी अनुपात	1.07	0.87	0.93
13	प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक ₹ 10/- का) (निरंतर एवं स्थगित परिचालनों के लिए)			
	1. मूलभूत :	0.45	0.19	1.40
	2. तनूकृत :	0.45	0.19	1.40
14	पूंजी प्रतिदान आरक्षित निधि	–	–	–
15	डिबेंचर प्रतिदान आरक्षित निधि	–	–	–
16	ऋण चुकौती कवरेज अनुपात	लागू नहीं		
17	ब्याज चुकौती कवरेज अनुपात			

नोट : 1. उपर्युक्त विवरण सेबी अधिनियम 2015 (सूचीबद्धता दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दर्ज तिमाही/छमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही/छमाही के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.nseindia.com और www.bseindia.com) तथा बैंक की वेबसाइट (www.ucobank.com) पर उपलब्ध है। 2. कुल व्यापक आय और अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है क्योंकि इंड-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है।

यूको बैंक कृते
स्थान : कोलकाता
दिनांक : 22 जुलाई, 2024
ह. विजयकुमार निवृत्ति कांबले कार्यपालक निदेशक
ह. राजेन्द्र कुमार साबू कार्यपालक निदेशक
ह. अश्वनी कुमार एमडी एवं सीईओ
ह. अरुणुदन कृष्ण कुमार अध्यक्ष
हमें अनुसरण करें www.ucobank.com

खबर कोना

फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के गहने चुराए

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 जुलाई।

जलवायु विहार स्थित महिला मीडियाकर्मी के फ्लैट का ताला तोड़कर चोर सोने के गहने समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। जिस समय फ्लैट में चोरी हुई, तब पीड़िता अपने गृह जनपद कानपुर गई हुई थी। महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ऋचा वाजपेयी ने बताया कि बीते दिनों वह किसी काम से कानपुर अपने घर गई हुई थीं। 18 जुलाई की सुबह पड़ोस में रहने वाली महिला का फोन आया, उन्होंने फ्लैट का ताला टूटा होने व चोरी के बारे में बताया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों को फ्लैट में सामान रखे होने की सटीक जानकारी थी।

किसानों का एलान, 15 अगस्त को होगी ट्रैक्टर रैली

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

संसद के बजट सत्र के बीच सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा व उसके सहयोगी संगठनों ने 15 सितंबर और 22 सितंबर को हरियाणा में किसान महापंचायत करने का एलान किया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा की सोमवार को नई दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में 1 अगस्त से 22 सितंबर तक होने वाले आंदोलन कार्यक्रम जारी किए गए। इनमें से 1 अगस्त को पुतला दहन कार्यक्रम और 15 अगस्त को जिला मुख्यालयों में ट्रैक्टर रैली के अलावा दो बड़ी किसान रैली (15 सितंबर को हरियाणा के जींद में और 22 सितंबर को हरियाणा के पीपली में बड़ी रैली) का एलान किया गया है। इसके बीच शंभू सीमा पर हुए आंदोलन के 200 दिन पूरे होने के मौके पर 31 अगस्त को वहां किसान फिर पहुंचेंगे। सोमवार को हुई बैठक में देशभर से 150 से अधिक संगठनों के नेताओं ने भाग लिया।

सोहरखा गांव में करंट लगने से युवक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 जुलाई।

सोहरखा गांव में बिजली सही करते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सोहरखा गांव निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। थाना सेक्टर-113 प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर किसी ने अभी तक शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसा उस समय हुआ जब जितेंद्र बिजली सही कर रहा था।

खाली प्लाट में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 जुलाई।

सेक्टर-96 स्थित सुपरटेक इमारत के पास सोमवार को खाली प्लाट में 30 से 35 साल के उम्र के एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। वहीं स्थानीय लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। शव के पास से ऐसा कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान की जा सके। मृतक के बाएं हाथ पर उत्तम लिखा हुआ है।

राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किए व्यक्ति की मौत मामले पर फैसला आज

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

दिल्ली उच्च न्यायालय 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किए गए 23 वर्षीय व्यक्ति की मौत की जांच विशेष जांच दल (एसआइटी) से कराने के अनुरोध पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी मृतक फैजान की मां की ओर से दाखिल याचिका पर फैसला सुनाएंगे। एक वीडियो में पुलिस कर्मियों द्वारा फैजान को चार अन्य मुस्लिमों के साथ राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर करते हुए एवं पीटते हुए दिखाया गया है।

श्रद्धा वालकर हत्याकांड

महीने में सिर्फ दो बार सुनवाई की पूनावाला की याचिका खारिज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई ।

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने सनसनीखेज श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने वकील को बचाव की तैयारी के लिए उपयुक्त समय देने के लिए हर महीने केवल दो बार सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि यह अनुरोध केवल मुकदमे को लंबा खींचने का एक साधन मात्र है। अदालत ने अंतिम संस्कार के लिए वालकर की अस्थियां तुरंत जारी करने से भी इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा, यह केवल मुकदमे को लंबा खींचने का एक साधन

आरोपी के साथ सहजीवन में रहने वाली वालकर की कथित तौर पर 18 मई, 2022 को पूनावाला ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पिछले साल जनवरी में दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल 6,629 पन्नों के आरोपपत्र के अनुसार, पूनावाला ने कथित तौर पर वालकर के शरीर के टुकड़े किए, उसे फ्रिज में रखा और पकड़े जाने से बचने के लिए कई दिनों तक शहर भर में सुनसान जगहों पर टुकड़ों को ठिकाने लगाया। बाद में शव के अंग खोजे गए।

उन्होंने कहा कि अभियुक्त का यह अनुरोध कि अभियोजन पक्ष के गवाहों की गवाही के लिए एक महीने में सुनवाई की केवल दो तारीखें तय की जाएं, मुकदमे को लंबा खींचने का एक साधन प्रतीत होता है क्योंकि अभियोजन पक्ष के गवाहों की संख्या अत्यधिक है। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों, विशेष रूप से पुलिस के गवाहों की लंबी गवाही दर्ज करने के लिए काफी समय की आवश्यकता है।

हड्डियां देने से कोर्ट का इनकार

कोर्ट ने सोमवार को पीड़िता की हड्डियों को दाह संस्कार के लिए तुरंत जारी करने से भी इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पुलिस गवाहों द्वारा पहचान के लिए अस्थियों की जरूरत है। इस महीने की शुरुआत में दिए गए एक आदेश में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 212 गवाहों में से 134 की गवाही हो चुकी है और कई बाहरी गवाहों की गवाही के लिए लगातार सुनवाई आवश्यक है।

निठारी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

सुरेंद्र कोली को नोटिस सौंपना सुनिश्चित करें एसएसपी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि वर्ष 2006 के निठारी हत्याकांड में सुरेंद्र कोली को नोटिस सौंप दिया गया है। शीर्ष अदालत में कोली को बरी किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्रार सुजाता सिंह ने कहा कि निठारी हत्याकांड के एक पीड़ित के पिता पप्पू लाल की अपील पर न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से जारी नोटिस सुरेंद्र कोली को नहीं दिया गया है, जो गाजियाबाद की डासना जेल में बंद है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि गौतमबुद्ध नगर के एसएसपी से भी यह बात स्पष्ट करवाई जाए और इसके बाद एसएसपी के माध्यम से प्रतिवादी सुरेंद्र कोली को नोटिस जारी किया जाए। अदालत ने इस मामले को सुनवाई के लिए चार सितंबर को सूचीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 19 जुलाई को शीर्ष अदालत ने निठारी हत्याकांड मामले में सुरेंद्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआइ और उत्तर प्रदेश सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। यह सनसनीखेज हत्याकांड 29 दिसंबर 2006 को राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंधेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद सामने आया था। पंधेर भी इस मामले में आरोपी था।

19 जुलाई को शीर्ष अदालत ने कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआइ और उत्तर प्रदेश सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी।

सोमनाथ भारती की याचिका पर हाई कोर्ट ने कहा

गलतियों से भरी है याचिका, पहले इसे सुधार कर लाइए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के लोकसभा चुनाव को चुनौती देने वाली आप नेता सोमनाथ भारती की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि यह याचिका गलतियों से भरी है। कोर्ट ने उनसे एक संशोधित याचिका दायर करने को कहा।

न्यायमूर्ति पीएस अरोड़ा ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि याचिका में मुद्रण संबंधी बहुत सारी त्रुटियां हैं जिससे इसमें दिए गए कथनों को समझना मुश्किल हो गया है। अदालत ने भारती को संशोधित याचिका दायर करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तारीख तय की। जब भारती के वकील ने अदालत से याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने का आग्रह किया, तो न्यायाधीश ने कहा कि बहुत सारी गलतियां हैं। पहले याचिका को ठीक करें। मैं इस तरह नोटिस जारी नहीं कर सकता। मैं बस इसे स्थगित कर दूंगा। कृपया एक संशोधित याचिका दायर करें। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 80 और 81 के तहत दायर याचिका में स्वराज, उनके चुनावी एजंट तथा अन्य व्यक्तियों पर भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया गया है।

मौसम

नई दिल्ली में सोमवार को बारिश के दौरान कर्तव्य पथ के पास से गुजरते लोग।

'सेंट्रल विस्टा' के संबंध में अदालत ने वक्फ बोर्ड से कहा

जब केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा। बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था।

न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं।

अदालत ने बोर्ड को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। क्षेत्र में उस समय पुनर्विकास कार्य किया जा रहा था। बोर्ड की इन संपत्तियों में मानसिंह रोड पर मस्जिद जब्ता गंज, रेड क्रास रोड पर जामा मस्जिद, उद्योग भवन के पास मस्जिद सुनहरी बाग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग के पीछे मजार सुनहरी बाग रोड, कृषि भवन परिसर के अंदर मस्जिद कृषि भवन और उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के अंदर स्थित मस्जिद शामिल है।

बरी किए जाने के खिलाफ याचिकाओं पर अदालत ने सज्जन कुमार से जवाब मांगा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख दंगों के दौरान एक व्यक्ति की हत्या से संबंधित मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को कुमार से जवाब मांगा। कुमार दंगों से संबंधित एक अन्य मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद फिलहाल तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने कुमार को बरी करने के अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी है, जिसपर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कुमार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने आदेश के खिलाफ एक गवाह शीला कौर की अपील पर भी कुमार को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर, 2023 को विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने कुमार को संदेह का लाभ देते हुए मामले में बरी कर दिया था और कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा।

अधीनस्थ न्यायालय ने दो अन्य आरोपियों – वेद प्रकाश पियाल और ब्रह्मानंद गुप्ता को भी बरी कर दिया था, क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ हत्या व दंगे का मामला साबित करने में विफल रहा था।

नोएडा में महंगे वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 जुलाई।

मांग पर महंगे वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सरगना समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से कुल दस कारें बरामद की हैं। गिरोह पर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के अलग-अलग थानों में 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के बदमाशों ने अब तक 200 से ज्यादा कारों की चोरी दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य राज्यों में की है। गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम को डीसीपी नोएडा ने 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

एसीबी ने अस्पतालों को सुरक्षा मुहैया कराने वाली कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न अस्पतालों में मानव बल/सुरक्षा मुहैया कराने वाली कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (भ्रष्टाचार निरोधक शाखा) मधुर वर्मा ने कहा कि तय संख्या से कम कर्मियों की तैनाती, अयोग्य उम्मीदवारों की भर्ती, ईएसआइ और भविष्य निधि के फर्जी दावे, नियोक्ताओं द्वारा रिश्वत की मांग और सरकारी धन के गबन के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अधिकारी ने बताया कि सरकारी अधिकारी भी निजी एजंसियों के साथ आपराधिक साजिश में संलिप्त हैं। अस्पतालों में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने में अधिकारियों की मिलीभगत से कंपनियों द्वारा सरकारी धन के गबन के संबंध में एसीबी को कई शिकायतें मिली हैं।

प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणन केंद्र बंद करने वाले पेट्रोल पंपों पर हो सकती है कार्रवाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

दिल्ली सरकार उन पेट्रोल पंप मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने पर विचार कर रही है, जिन्होंने प्रस्तावित शुल्क वृद्धि से असंतुष्ट होकर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) केंद्रों को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'डेल्ही पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन' (डीपीडीए) के आह्वान पर करीब 600 प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र केंद्र करीब एक सप्ताह से बंद हैं।

डीपीडीए ने बताया कि प्रस्तावित शुल्क वृद्धि केंद्रों के परिचालन में आने वाली लागत के अनुकूल नहीं है। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग उन डीलर के खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहा है, जिन्होंने इन केंद्रों को बंद कर दिया है और जनता को असुविधा हो रही है। इन केंद्रों के परिचालन के लिए एक अलग लाइसेंस जारी किया गया है। हम ईंधन स्टेशनों की एक सूची तैयार कर रहे हैं और सरकार सोच रही है कि क्या पीयूसीसी केंद्र संचालित करने के लिए उन्हें दिए गए लाइसेंस को निलंबित किया जाना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक, सूची परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को दिखाई जाएगी और अंतिम निर्णय लिया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित वृद्धि उपभोक्ताओं के साथ-साथ पेट्रोल पंप मालिकों के कल्याण को ध्यान में रखकर की गई है।

तैयारी

दिल्ली सरकार का दावा, तमाम सुविधाएं दी जाएंगी

कांवड़ियों के स्वागत के लिए लगाए जाएंगे 185 शिविर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

दिल्ली में इस बार कांवड़ियों के स्वागत के लिए 185 कांवड़ शिविर लगाए जाएंगे। इनको अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी कांवड़ शिविर जलरोधी, चिकित्सा सुविधा, साफ पानी, शौचालय, फर्नीचर सहित तमाम सुविधाओं से लैस होंगे। दिल्ली सरकार कांवड़ियों के सहुलियत में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। यह दावा राजस्व मंत्री आतिशी ने किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार 185 कांवड़ शिविरों के जरिए कांवड़ियों के लिए सबसे बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। इस दिशा में हमारे शिविरों में चिकित्सा सुविधा, साफ़-पानी, शौचालय, फ़र्नीचर सहित तमाम सुविधाएं दी जा रही है। बता दें कि, दिल्ली में कांवड़ियों का आगमन 25 जुलाई के बाद से होगा और इससे पहले सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह तैयार होंगे। पूर्वी दिल्ली, उत्तरी-पूर्वी दिल्ली व शाहदरा जिले से कांवड़ियों का आगमन होता है। ऐसे में इन तीनों जिलों में कांवड़ियों की सुविधा के लिए सबसे अधिक शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज़्यादा 38 शिविर शाहदरा जिले में लगाए जा रहे हैं। उत्तरी-पूर्वी, सेंट्रल और पूर्वी दिल्ली में क्रमशः 29, 22 व 19 शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जून से ही कांवड़ शिविरों को लेकर राजस्व विभाग की तैयारियां जारी हैं और लगातार विभाग के उच्चाधिकारियों ने इसका निरीक्षण किया है।

नोएडा में मंदिरों के आसपास रही चाक-चौबंद सुरक्षा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 जुलाई।

सावन के पहले सोमवार के मौके पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। सुबह पांच बजे से ही प्रमुख मंदिरों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। मंदिरों में भक्तों को जलाभिषेक में भीड़ का सामना ना करना पड़े, इसके लिए प्रमुख मंदिरों के बाहर बैरिकेडिंग की गई। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतार लगी। कई जगह ड्रोन कैमरे से मंदिर परिसर में होने वाली हर गतिविधि की निगरानी की गई।

सोमवार को एडीसीपी नोएडा मनीष मिश्र व एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने सुबह मंदिर शिवालयों और आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। सभी जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि सावन मास को लेकर मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। सावन के पहले सोमवार से ही लोग मंदिर शिवालयों में जल चढ़ाना शुरू कर देते हैं। इस बाबत मंदिरों और महत्त्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

www.readwhere.com

उपद्रव में जख्मी युवक की अस्पताल में मौत

आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

बरेली, 22 जुलाई (जनसत्ता)।

यूपी के बरेली जिले के थाना शाही क्षेत्र में बहुसंख्यक समाज के घरों पर हुए पथराव और उपद्रव में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में सोमवार को मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (दक्षिणी) मानुष पारीक ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस की देखरेख में परिजनों ने गांव में उसकी अंत्येष्टि कर दी है। तनाव बढ़ने की आशंका को देखते हुए गांव में पर्याप्त पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। आरोपी इरशाद और बख्तावर के घरों पर बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। इसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। श्मशान पर अंत्येष्टि की क्रिया शुरू की गई, लेकिन जैसे ही खबर मिली कि बुलडोजर रोक दिया गया तो परिजनों ने भी अंतिम संस्कार रोक दिया। इसके बाद फिर कार्रवाई शुरू हुई। आठ आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चला, तब शाम करीब साढ़े पांच बजे परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। आरोपी इरशाद और बख्तावर समेत आरिफ, गाबू हसन, कादिर अली, अनीस, हसीन, रियासत के घरों पर कार्रवाई हुई है। शुक्रवार को गौसगंज गांव में बहुसंख्यक समाज के घरों पर पथराव और उपद्रव में बुरी तरह घायल हुए तेजपाल (25) को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार को भोर के समय उसकी मौत हो गई।

धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी कवि को मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, 22 जुलाई (ब्यूरो)।

सुप्रीम कोर्ट ने भगवान श्री राम और देवी सीता पर अपनी कविता के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के आरोपी व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने यह आदेश इस जानकारी के बाद दिया कि याचिकाकर्ता-आरोपी जांच में सहयोग कर रहा है। 23 जनवरी को दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि अपनी असली पहचान छिपाते हुए याचिकाकर्ता जो मुसलिम हैं, ने नीलाभ सौरव नाम से सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर अकाउंट बनाया और उस पर कविता पोस्ट कर दी।

धनबाद में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचला, मौत

धनबाद, 22 जुलाई (भाषा)।

झारखंड के धनबाद जिले में हाथियों ने एक व्यक्ति को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना राज्य की राजधानी रांची से करीब 200 किलोमीटर दूर गत मध्य रात्रि तोपचाची इलाके के कर्मतांड गांव में तब हुई, जब करीब 30 हाथियों का झुंड गांव में दाखिल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान ज्ञानचंद्र महतो के तौर पर की गई है और सोमवार शाम को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8-(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में अभिज्ञात) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां इसमें निम्न वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को सूचना में वर्णित राशि के प्रतिभुगतान हेतु एक मांग सूचना निर्गत की थी। उधारकर्ता को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली की धारा 13(4) के अंतर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत कब्जा ग्रहण कर लिया है। उधारकर्ता को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन जो होगा, वह यहां इसमें निम्न वर्णितानुसार एक राशि तथा इस राशि पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल के प्रभाराधीन होगा। उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता विक्रय अथवा हस्तांतरण हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व, किसी भी समय समस्त लागतों, प्रभारों एवं व्ययों के साथ "आईआईएफएल-एचएफएल" की देय धनराशियों का पूर्ण भुगतान कर देता है, तो ऐसी स्थिति में "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विक्रय अथवा हस्तांतरण नहीं किया जाएगा और "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण व विक्रयार्थ कोई भावी कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता (ओं)/ सहउधारकर्ता (ओं)/ के नाम	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया देयराशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि
श्री आकाश श्रीमती पूजा सिंह आकाश सब्जी वाला प्रॉस्पेक्ट नंबर IL10341751	ग्राम पालम की राजस्व संपदा, महावीर एन्क्लेव के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी, नई दिल्ली- 110045 में स्थित बिना छत/टैरेस अधिकारों के द्वितीय तल, निर्मित संपत्ति संख्या आरजेड -डी -1/325ए, खसरा संख्या 83/16 में से बनी, संपत्ति का वह सम्पूर्ण टुकड़ा एवं अंश। क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, सुपर निर्मित क्षेत्र, कार्पेट -एरिया संपत्ति क्षेत्र 585.00, 527.00, 479.00	रु. 2404881.00/- (चौबीस लाख चार हजार आठ सौ इक्यासी रुपए मात्र)	09 मई 2024	19 जुलाई 2024

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से प्लॉट नंबर 30/30ई, ऊपरी भूतल, मेन शिवाजी मार्ग, नजफगढ़ रोड, जगुआर शोरूम के बगल में, मोती नगर, नई दिल्ली या कॉर्पोरेट कार्यालय: आईआईएफएल टॉवर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा पर संपर्क करें।

स्थान: दिल्ली, दिनांक: 23/07/2024, हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

नियुक्तियां

गोविन्द बल्लभ पन्त सामाजिक विज्ञान संस्थान
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश – 211019

पुनः विज्ञापन सूचना

सं0 GBPSSI/Estt./Rect./NT-01-2024 दिनांक : 23-07-2024

सीधी भर्ती के आधार पर **प्रशासनिक अधिकारी** – 01 अनारक्षित (7वें वेतन आयोग अनुसार वेतन स्तर 12) पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट देखें < **www.gbpssi.in** > ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 23 अगस्त, 2024 है।

ह0/-
प्रशासनिक अधिकारी (प्र0)

हावर्ड होटल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 20, मौर्या कॉम्प्लेक्स, बी-28, सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092
कॉर्पोरेट कार्यालयः होटल हावर्ड प्लाजा, फतेहाबाद रोड, आगरा-282001(यूपी), भारत।
सीआईएनः L74899DL1989PLCO38622; फोनः 0562-404-8600, फैक्सः 0562-404-8666,
ईमेलः cs@howardhotelsltd.com, वेबसाइटः www.howardhotelsltd.com

वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ऑडियो विजुअल साधनों और रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से हावर्ड होटल्स लिमिटेड के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित करने से संबंधित सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 35वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024 को सुबह 11:30 बजे (प्रथम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत जारी नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ष्सेबीष्) (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, जिसे 5 मई, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020, 28 दिसंबर, 2022 के 10/2022 और इस संबंध में बाद के परिपत्रों के साथ पढ़ा जाए, जिनमें सबसे नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 ('एमसीए परिपत्र') है, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ('सेबी') ने अपने परिपत्र संख्या के माध्यम से जारी किया है। एजीएम की सूचना में निर्धारित कारोबार को करने के लिए सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/डीडीएचएस/पी/सीआईआर/2022/0063 दिनांक 13 मई, 2022, सेबी/एचओ/सीआरडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 ('सेबी परिपत्र') ख्इसके बाद सामूहिक रूप से "परिपत्र" के रूप में संदर्भित,।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनियां वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजेंगी जिनके ई-मेल पते कंपनी ध् रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं।

वेबसाइट पर प्रचारः

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 की इलेक्ट्रॉनिक प्रति, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी का नोटिस और व्याख्यात्मक विवरण शामिल है, कंपनी की वेबसाइट **www.howardhotelsltd.com** और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध होगी।

ई-मेल पते के पंजीकरण का तरीका मोबाइल नंबरः

जो शेयरधारक अपना ईमेल पता/मोबाइल नंबर पंजीकृत करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक	कंपनी के आरटीए के साथ निर्धारित फॉर्म आईएसआर- 1 में विवरण पंजीकृत/अपडेट करें।
डीमटेरियलाइज्ड फॉर्म में शेयर रखने वाले शेयरधारक	अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में विवरण पंजीकृत/अपडेट करें।

वोट डालने का तरीकाः

कंपनी अपने शेयरधारकों को एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम में किए जाने वाले कारोबार के संबंध में ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है और इस उद्देश्य के लिए कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा के लिए इंस्टा वोट की नियुक्ति की है।

यदि ई-मेल आईडी कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत है	ई-वोटिंग के संबंध में विस्तृत प्रक्रिया पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी और एजीएम की सूचना में भी उपलब्ध होगी।
यदि ई-मेल आईडी कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं है	विस्तृत प्रक्रिया ई-वोटिंग एजीएम की सूचना में उपलब्ध होगी

केवल वही व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 16 अगस्त, 2024 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

हॉवर्ड होटल्स लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
(शशांक मिश्रा)
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्याःए69714

स्थानः आगरा
दिनांकः 22 जुलाई, 2024

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA

MACOBS TECHNOLOGIES LIMITED

(Formerly known as Macobs Technologies Private Limited)

Corporate Identity Numbers: U74999RJ2019PLC066608

(Scan this QR code to view the Prospectus)

Our Company was originally incorporated as a private limited company under the Companies Act, 2013 in the name and style of "Macobs Technologies Private Limited" bearing Corporate Identification Number U74999RJ2019PTC066608 dated October 14, 2019 issued by the Registrar of Companies, Rajasthan. Subsequently, the name of our Company was changed to "Macobs Technologies Limited" and a fresh Certificate of Incorporation dated August 07, 2023 was issued by the Registrar of Companies, Rajasthan. The Corporate Identification Number of our Company is U74999RJ2019PLC066608.

Registered Office: Plot No. A-305, Backside National Handloom Corp. Vaishali Nagar, Jaipur, Rajasthan, India, 302021 **Website:** https://macobstech.com; **E-Mail:** compliance@macobstech.com ; **Telephone No:** +91 8062195170 **Company Secretary and Compliance Officer:** Ankita Soni

PROMOTERS OF OUR COMPANY: SHIVAM BHATEJA, DUSHYANT GANDOTRA AND DIVYA GANDOTRA

The issue is being made in accordance with Chapter IX of the SEBI ICDR Regulations (IPO of Small and Medium Enterprises) and the equity shares are proposed to be listed on Emerge Platform of NSE

BASIS OF ALLOTMENT CUM CORRIGENDUM

INITIAL PUBLIC ISSUE OF 25,95,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH OF MACOBS TECHNOLOGIES LIMITED ("MTL" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 75/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 65/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ 1946.40 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 1,31,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 75/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 65/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 98.40 LAKHS WERE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e. NET ISSUE OF 24,64,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH AT A PRICE OF ₹ 75/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 65/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 1848.00 LAKHS WAS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE", THE ISSUE AND THE NET ISSUE CONSTITUTED 26.49% AND 25.16%, RESPECTIVELY, OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES WAS ₹ 10/- EACH.

ISSUE PRICE: ₹ 75.00 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE ₹10/- EACH. THE ISSUE PRICE IS 7.50 TIMES OF THE FACE VALUE

RISKS TO INVESTORS:

1. Our Equity Shares have never been publicly traded and may experience price and volume fluctuations following the completion of the Issue. Further, our Equity Shares may not result in an active or liquid market and the price of our Equity Shares may be volatile and you may be unable to resell your Equity Shares at or above the Issue Price or at all.
2. The Merchant Banker associated with the Issue has not handled any public issues in the past three years.
3. The average cost of acquisition of Equity Shares by our Promoters is as follows:

Sr. No.	Name of Promoters and Selling Shareholders	No. of Shares held	Average cost of Acquisition (in Rs.)
1	Dushyant Gandotra	23,38,560	7.19
2	Shivam Bhateja	23,38,560	7.19
3	Divya Gandotra	720	7.19

4. Weighted average cost of acquisition:

Types of transactions	Weighted average cost of acquisition (Rs. per Equity Shares)
Weighted average cost of acquisition of primary / new issue of shares.	7.19
Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition of shares.	10.00

ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: MONDAY, JULY 15, 2024
BID/ISSUE OPENED ON: TUESDAY, JULY 16, 2024; BID/ ISSUE CLOSED FRIDAY, JULY 19, 2024

This Issue was been made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2) (b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations and in compliance with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, wherein not more than 30.00% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (the "QIB Portion"). Further, 5.00% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5.00% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 35.00% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Investors and not less than 35.00% of the Net Issue shall be available for allocation to Retail Individual Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Issue Price. All Bidders are required to participate in the Issue by mandatorily utilizing the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process by providing details of their respective ASBA Account (as defined hereinafter) in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("SCSBs") or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see "Issue Procedure" on page 197 of the Prospectus.

The bidding for Anchor investors was opened and closed on Monday, July 15, 2024. The company received 3 Anchor Investors' applications for 8,01,600 Equity Shares. The Anchor Investor Allocation Price was finalized at ₹ 75.00 per Equity Share. A total of 4,43,200 Equity Shares were allotted under the Anchor Investor portion aggregating to ₹ 3,32,40,000.

The issue (excluding Anchor Investor Portion) received applications for Equity Shares (before Technical rejections and after invalid bids Multiple/Duplicate) resulting in times subscription (including reserved portion of market maker). The Details of the total Valid Applications received in the 1,07,060 issues are for Equity Shares from various categories and are as under:

Detail of the Before Rejection Applications Received:

Sr. No.	Category	No. of Applications	No. of Equity Shares	Reserved	No. of times Subscribed	Amount
1	MARKET MAKER	1	1,31,200	1,31,200	1	98,40,000.00
2	ANCHOR	3	8,01,600	4,43,200	1.80	3,32,40,000
3	QIB	22	2,62,32,000	2,96,000	88.62	1,96,74,00,000
4	NII	12,956	22,80,35,200	8,62,400	264.42	17,36,81,05,600
5	RETAIL	94,078	15,05,24,800	8,62,400	174.54	11,55,87,21,600
	TOTAL	**1,07,060**	**40,57,24,800**	**25,95,200**	**156.33**	**30,93,73,07,200.00**

Final Demand

Sr. No.	No Of Equity Shares	% of Total	Cumulative Total	Cumulative % of Total
71	376000	0.08	376000	0.08
72	92800	0.02	468800	0.10
73	188800	0.04	657600	0.14
74	174400	0.04	832000	0.18
75	355801600	77.87	356633600	78.05
Cutoff Price(75)	100273600	21.95	456907200	100.00
Total	**456907200**	**100**		

1) **Allocation to Retail Individual Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, who have bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of ₹ 75/- per equity shares, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 174.54 times i.e. for 15,05,24,800 Equity Shares. Total number of shares allotted in this category is 862400 Equity Shares to 539 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment as under:

Sr. No.	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of appli-cations received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Propor-tionate shares available	Allocation per Applicant: Before Rounding off	Allocation per Applicant: After Rounding off	Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated/ alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	1600	94078	100	150524800	100	862400	9	1600	539	94078	539	100	862400	100	0
	Grand Total	**94078**	**100**	**150524800**	**100**	**862400**					**539**	**100**	**862400**	**100**	**0**

2) **Allocation to Non-Institutional Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to Other than Retail Individual Investors, who have bid at Issue Price of ₹ 75/- per equity shares or above, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 264.42 times i.e. for 22,80,35,200 Equity Shares the total number of shares allotted in this category is 8,62,400 Equity Shares to 477 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under: (Sample Basis)

Sr. No.	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of appli-cations received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Propor-tionate shares available	Allocation per Applicant: Before Rounding off	Allocation per Applicant: After Rounding off	Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated/ alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	3200	6741	51.78	21571200	9.45	81579.52	12	1600	17	2247	51	10.57	81600	9.46	20
2	4800	943	7.28	4526400	1.98	17118.27	18	1600	11	943	11	2.31	17600	2.04	482
3	6400	849	6.55	5433600	2.38	20549.18	24	1600	13	849	13	2.73	20800	2.41	251
4	8000	462	3.57	3696000	1.62	13977.8	30	1600	3	154	9	1.89	14400	1.66	422
5	9600	299	2.31	2870400	1.25	10855.49	36	1600	7	299	7	1.47	11200	1.29	345
45	73600	1	0.01	73600	0.03	278.35	278	1600	0	1	0	0	0	0	-278
46	75200	4	0.03	300800	0.13	1137.59	284	1600	1	4	1	0.21	1600	0.18	462
47	76800	2	0.02	153600	0.06	580.9	290	1600	0	1	0	0	0	0	-581
48	78400	8	0.06	627200	0.27	2371.99	296	1600	1	8	1	0.21	1600	0.18	-772
49	80000	19	0.15	1520000	0.66	5748.45	303	1600	4	19	4	0.84	6400	0.74	652
50	81600	6	0.05	489600	0.21	1851.6	309	1600	1	6	1	0.21	1600	0.18	-252
95	172800	1	0.01	172800	0.07	653.51	654	1600	0	1	0	0	0	0	-654
96	174400	1	0.01	174400	0.07	659.56	660	1600	0	1	0	0	0	0	-660
97	177600	3	0.02	532800	0.23	2014.98	672	1600	1	3	1	0.21	1600	0.18	-415
98	179200	1	0.01	179200	0.07	677.71	678	1600	0	1	0	0	0	0	-678
99	182400	3	0.02	547200	0.23	2069.44	690	1600	1	3	1	0.21	1600	0.18	-469
100	184000	1	0.01	184000	0.08	695.86	696	1600	0	1	0	0	0	0	-696
153	332800	1	0.01	332800	0.14	1258.61	1259	1600	1	1	1	0.21	1600	0.18	341
154	334400	1	0.01	334400	0.14	1264.66	1265	1600	1	1	1	0.21	1600	0.18	335
155	336000	1	0.01	336000	0.14	1270.71	1271	1600	1	1	1	0.21	1600	0.18	329
156	340800	1	0.01	340800	0.14	1288.86	1289	1600	1	1	1	0.21	1600	0.18	311
157	344000	2	0.02	688000	0.3	2601.93	1301	1600	1	1	2	0.42	3200	0.37	598
219	1480000	1	0.01	1480000	0.64	5597.17	5597	4800	1	1	1	0.21	4800	0.55	-797
220	1545600	1	0.01	1545600	0.67	5845.26	5845	6400	1	1	1	0.21	6400	0.74	555
221	1632000	1	0.01	1632000	0.71	6172.02	6172	6400	1	1	1	0.21	6400	0.74	228
222	1724800	8	0.06	13798400	6.05	52183.74	6523	6400	1	1	8	1.68	51200	5.93	-984
223	1724800							1600	1	8	0	0	1600	0.18	1600
Grand Total		**12956**	**100**	**228035200**	**100**	**862399**					**477**	**100**	**862400**	**100**	**1**

3) **Allocation to QIBs excluding Anchor Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to QIBs, who have bid at Issue Price of ₹ 75/- per Equity Shares or above, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 86.62 times i.e. for 26232000 Equity shares the total number of shares allotted in this category is 296000 Equity Shares to 21 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

CATEGORY	FIS/BANKS	MF'S	IC'S	NBFC'S	AIF	FPI	VC'S	TOTAL
QIB	0	0	11200	68800	44800	171200	0	296000

Sr. No.	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of appli-cations received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Propor-tionate shares available	Allocation per Applicant: Before Rounding off	Allocation per Applicant: After Rounding off	Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated/ alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	65600	1	4.55	65600	0.25	740.23	740	1600	0	1	0	0	0	0	-740
2	145600	1	4.55	145600	0.55	1642.94	1643	1600	1	1	1	4.76	1600	0.54	-43
3	200000	1	4.55	200000	0.76	2256.79	2257	1600	1	1	1	4.76	1600	0.54	-657
4	240000	1	4.55	240000	0.91	2708.14	2708	3200	1	1	1	4.76	3200	1.08	492
5	356800	1	4.55	356800	1.36	4026.11	4026	4800	1	1	1	4.76	4800	1.62	774
6	475200	1	4.55	475200	1.81	5362.12	5362	4800	1	1	1	4.76	4800	1.62	-562
7	652800	1	4.55	652800	2.48	7366.15	7366	8000	1	1	1	4.76	8000	2.7	634
8	979200	5	22.73	4896000	18.66	55246.11	11049	11200	1	1	5	23.81	56000	18.91	754
9	1012800	1	4.55	1012800	3.86	11428.36	11428	11200	1	1	1	4.76	11200	3.78	-228
10	2020800	9	40.87	18187200	69.33	205223.06	22803	22400	1	1	9	42.87	201600	68.1	-3623
11	2020800							1600	2	9	0	0	3200	1.08	3200
Grand Total		**22**	**100**	**26232000**	**100**	**295999**					**21**	**100**	**296000**	**100**	**1**

4) **Allocation to Anchor Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Company in consultation with the BRLM has allotted 4,43,200 Equity Shares to 3 Anchor Investors at Anchor Investor Issue Price of ₹ 75/- per Equity Shares in accordance with the SEBI ICDR Regulations. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

CATEGORY	FIS/BANKS	MF'S	IC'S	NBFC'S	AIF	FPC	FFI/FPI	TOTAL
Anchor	-	-	-	-	1,47,200	-	2,96,000	4,43,200

5) **Allocation to Market Maker (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to Market Maker who have bid at Issue Price of ₹ 75/- per Equity Shares or above, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times i.e. for 1,31,200 Equity shares the total number of shares allotted in this category is 1,31,200 Equity Shares. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No.	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of appli-cations received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Propor-tionate shares available	Allocation per Applicant: Before Rounding off	Allocation per Applicant: After Rounding off	Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated/ alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	131200	1	100	131200	100	131200	131200	131200	1	1	1	100	131200	100	0
Grand Total		**1**	**100**	**131200**	**100**	**131200**					**1**	**100**	**131200**	**100**	**0**

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange – NSE on Monday, July 22, 2024.

The Board of Directors of the Company at its meeting held on Monday, July 22, 2024 has approved the Basis of Allocation of Equity Shares as approved by the Designated Stock Exchange viz. NSE has authorized the corporate action for issue of the Equity Shares to various successful applicants. The CAN-cum-allotment advices and/or notices will be forwarded to the email id's and address of the Applicants as registered with the depositories / as filled in the application form on Monday, July 22, 2024. Further, the instructions to Self-Certified Syndicate Banks for unblocking the amount will process on Monday, July 22, 2024. In case the same is not received within two working days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the NSE EMERGE within three working days from the date of the closure of the issue.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated Monday, July 21, 2024 ("Prospectus") filed with the Registrar of Companies, Rajasthan.

INVESTORS PLEASE NOTE

On page 235 of the Prospectus the following –

Agreement dated January 17, 2024 between our company and the Registrar to the Issue.

Shall now be read as –

Agreement dated January 18, 2024 between our company and the Registrar to the Issue.

The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the issue, Maashitla Securities Private Limited at https://www.maashitla.com/ . All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole applicants, serial number of the Bid cum Application Form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

Maashitla Securities Private Limited
SEBI Registration Number: INR000004370
Address: 451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034
Tel. Number: +91 -11-4512-1795 **Email Id:** investor.ipo@maashitla.com
Website: https://www.maashitla.com/ **Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal

For Macobs Technologies Limited
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Dushyant Gandotra
Designation: Managing Director
DIN: 08360731

Date: 22.07.2024
Place: Rajasthan

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF MACOBS TECHNOLOGIES LIMITED.

Companies, Rajasthan. The Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at https://www.skicapital.net/ , website of the NSE at www.nseindia.com and website of Issuer Company at : https://macobstech.com; Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details, investors shall refer to and rely on the Prospectus including the section titled "Risk Factors" beginning on page 23 of the Prospectus, which has been filed with ROC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and may not be Issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulation S under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

विकास का अर्थ

आर्थिक समीक्षा से बजट की रूपरेखा का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसमें पिछले वर्ष की आर्थिक स्थितियों का लेखाजोखा पेश किया जाता है। इसी आधार पर आगामी वर्ष के लिए नीतियां निर्धारित होती हैं। इस वर्ष चूंकि आम चुनाव थे, पूर्ण बजट के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया था। आज इस वर्ष के लिए आम बजट पेश होगा। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछला वर्ष आर्थिक विकास की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण रहा। कोरोना काल के बाद रोजगार के अवसर बढ़े हैं और बेरोजगारी की दर निरंतर घट रही है। भारत की कुल श्रमशक्ति में से सत्तावन फीसद स्वरोजगार में लगी हुई है। महंगाई के मोर्चे पर जरूर थोड़ी चुनौती उभरती रही है, पर अंतरराष्ट्रीय स्थितियों से तुलना करें तो इस पर अपेक्षाकृत काबू पाया जा सका है। इस वर्ष मानसून अच्छा रहने की वजह से जल्दी ही महंगाई की लक्षित दर हासिल कर ली जाएगी। इससे सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन भी बेहतर रहेगा। इस वर्ष विकास दर के साढ़े छह से सात फीसद रहने का अनुमान है। 2030 तक गैर-कृषि क्षेत्र में 78.5 लाख रोजगार सृजित करने की जरूरत रेखांकित की गई है। हालांकि वैश्विक मंदी की वजह से निर्यात के क्षेत्र में चुनौतियां बनी रह सकती हैं।

पिछले वर्ष के आर्थिक रुझानों के आधार पर सरकार ने इस वर्ष निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसके लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। यों पहले से निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक बजटीय प्रावधान और योजनाएं लागू की जाती रही हैं। निजी उद्योगों की सुविधा के लिए कर, कर्ज आदि में छूट के अलावा श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। इससे पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ा है। पिछले वर्ष निजी क्षेत्र के निवेश में नौ फीसद की बढ़ोतरी दर्ज हुई। वित्तमंत्री ने कहा है कि अब निजी क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ाने का वक्त है। अगले वित्तवर्ष में बजट घाटा घट कर साढ़े चार फीसद तक रह जाने की संभावना जताई गई है। नए बजट में कृषि क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस आर्थिक सर्वेक्षण में मुख्य रूप से हवाई सेवा क्षेत्र को बढ़ाने, शिक्षा और रोजगार के बीच संतुलन बिठाने, ड्रोन निर्माण में तेजी लाने और राज्यों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जाहिर है, आम बजट में इन क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाओं पर बल होगा।

हालांकि इस सर्वेक्षण को विपक्ष ने अतिरंजित और आंकड़ों का खेल बताया तथा बजट में व्यावहारिक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। दरअसल, आंकड़ों में अर्थव्यवस्था की बुलंदी और व्यावहारिक धरातल पर बेहतरी के बीच कोई सहसंबंध नजर नहीं आता। एक तरफ तो आंकड़ों में तेजी से तरक्की करती अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर नजर आती है, मगर आम जनजीवन के स्तर पर बेहतरी के कोई संकेत नजर नहीं आते। बेशक सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर काबू पाने का दम भरती है, पर हकीकत यह है कि लोग रोजमर्रा उपभोग की वस्तुओं की कीमतें बढ़ने और क्रयशक्ति घटने की वजह से परेशान हैं। रोजगार के मोर्चे पर युवाओं को भरोसे का कोई काम मिलना कठिन बना हुआ है। जिस निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जाता है, वह उस अनुपात में नौकरियां पैदा नहीं कर पा रहा। इसलिए बजट में अगर गंभीरता से व्यावहारिक नीतियों पर विचार नहीं होगा, तो मुश्किलें आसान नहीं होंगी।

खेती और खुदकुशी

भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है, मगर यहां के किसान आज भी कई तरह की समस्याओं और परेशानियों से घिरे हुए हैं। यही वजह है कि किसानों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार की एक रपट के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से जून के बीच राज्य में 1,267 किसानों ने आत्महत्या कर ली। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 11,290 लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिनमें 5,207 किसान और 6,083 खेतिहर मजदूर थे और इनमें महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा थे। इसी तरह वर्ष 2021 में कृषि कार्यों में लगे 10,881 लोगों और 2020 में 10,677 लोगों ने अपनी जान दे दी। किसानों की खुदकुशी के पीछे पारिवारिक कर्ज या आर्थिक संकट को सबसे बड़ी वजह माना जाता है। हालांकि इन आर्थिक परेशानियों के भी कई स्तर हैं। मसलन, प्राकृतिक आपदा, कर्ज का बोझ, फसलों की बढ़ती लागत, घटती आय और फसलों के उत्पादन में गिरावट। महाराष्ट्र सरकार की रपट में कहा गया है कि राज्य में पिछले छह माह में किसानों की खुदकुशी के सबसे ज्यादा मामले विदर्भ क्षेत्र के अमरावती मंडल में सामने आए हैं।

बहुत से किसान खेती के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेते हैं और अगर प्राकृतिक आपदा की वजह से फसल बर्बाद हो जाए या उत्पादन कम हो, तो उनके लिए कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाता है। उर्वरक, खेती के लिए उपकरण और सिंचाई पर होने वाला खर्च बढ़ रहा है, जबकि किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। लिहाजा, किसानों की आर्थिक परेशानियां बढ़नी स्वाभाविक हैं। लंबे समय से चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी की मांग भी लंबित है। दूसरी ओर, उद्योग जगत के ऋणों के प्रति सरकार के नजरिए में जो नरमी देखी जाती है, वह किसानों के लिए नहीं दिखती। ऐसे में किसानों की समस्याओं की जटिलता अगर उन्हें आत्महत्या के कगार पर ले जाती है तो इसे एक नतीजे के तौर पर देखा जा सकता है। इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस और कारगर उपाय किए जाने जरूरत है, अन्यथा यह स्थिति और जटिल होगी।

बांग्लादेश के साथ भारत की चुनौतियां

बदलती वैश्विक स्थितियों को भांपते हुए बांग्लादेश चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी को लगातार मजबूत कर रहा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत से संबंधों को नियंत्रित करके चीन की ओर देख रही हैं, इसके पीछे उनका 'विजन 2041' है।

ब्रह्मदीप अलूने

बांग्लादेश अगले वर्ष चीन के साथ कूटनीतिक संबंधों की स्वर्ण जयंती मनाने जा रहा है। शेख हसीना सरकार ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह भी दिलचस्प है कि 1971 में बांग्लादेश की एक स्वतंत्र देश के रूप में संयुक्त राष्ट्र की मान्यता को रोकने के लिए चीन ने सुरक्षा परिषद में वीटो का प्रयोग किया था। मगर बदलती वैश्विक स्थितियों को भांपते हुए बांग्लादेश चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी को लगातार मजबूत कर रहा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत से संबंधों को नियंत्रित करके चीन की ओर देख रही हैं, इसके पीछे उनका 'विजन 2041' है।

बांग्लादेश भारत की 'एक्ट ईस्ट पालिसी' का अभिन्न अंग और बड़ा व्यापारिक साझीदार है। भारतीय प्रधानमंत्री और शेख हसीना ने 9 मार्च, 2021 को पूर्वोत्तर को बांग्लादेश से जोड़ने वाले मैत्री सेतु का उद्घाटन किया था। इस सेतु को उस सिलीगुड़ी गलियारे का विकल्प माना गया, जो भारत की अखंडता की रक्षा के लिए बेहद खास माना जाता है। चीन और बांग्लादेश के बीच ऐसे कई मैत्री सेतु पहले से प्रभाव में हैं। चीन ने बांग्लादेश में एक मैत्री पुल का इस प्रकार निर्माण किया है, जिसमें स्थानीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए इस्लामी और चीनी विशेषताओं से सुसज्जित किया है। बांग्लादेश में चीन का निवेश बढ़कर लगभग डेढ़ अरब अमेरिकी डालर हो गया है। लगभग सात सौ चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर लाखों लोगों को रोजगार मिला है। बांग्लादेश चीन की 'वन बेल्ट वन परियोजना' का प्रमुख साझीदार बन गया है और इसे 'विजन 2041' और 'स्मार्ट बांग्लादेश' के सपने के साकार होने का बड़ा कारण बताया जा रहा है।

बांग्लादेश से व्यापारिक संबंध मजबूत बनाने के लिए चीन ने वहां के बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश के साथ उर्जा संसाधनों की आपूर्ति में मदद का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही वह दोनों देशों की मुद्राओं के आसान आदान-प्रदान के लिए भी पहल कर रहा है। यह उसकी युआन कूटनीति का परिचायक है। शेख हसीना के 'विजन 2041' की शुरुआत करीब डेढ़ दशक पहले हुई, चीन इसमें प्रमुख भागीदार बनाया गया और इसके विभिन्न चरण निर्धारित किए गए। 2009 में, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने डिजिटल बांग्लादेश की अवधारणा पेश की, जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और शासन में सुधार के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना था। यह विजन 2041 तक बांग्लादेश को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने और अग्रणी बनने के क्षमता निर्माण पर आधारित है।

इस विजन का मकसद आर्थिक विकास को गति देने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में नवाचार, उद्यमशीलता और डिजिटलीकरण पर जोर देना है। बांग्लादेश को डिजिटिल बनाने की दिशा में चीनी फोन निर्माता कंपनी ख्वावे लगातार काम कर रही है। अमेरिका ने कहा है कि 5जी उपकरणों के जरिए चीन ख्वावे का इस्तेमाल जासूसी के लिए कर सकता है। इसमें कंपनी के मालिक रेन के संबंध पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से रहे



हैं। वे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य भी हैं। बांग्लादेश भारत के साथ लगभग 4100 किलोमीटर भूमि सीमा साझा करता है। इसकी सीमा भारतीय राज्यों- पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय और त्रिपुरा के साथ लगी है।

भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र सिलीगुड़ी गलियारे के माध्यम से शेष भारत से जुड़ा हुआ है, सिक्किम और भूटान के रास्ते चीन से निकटता के कारण यह गलियारा भारत के लिए रणनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील है। इस संकीर्ण रास्ते से नेपाल, बांग्लादेश और भूटान भी जुड़े हुए हैं। सिलीगुड़ी के जरिए पूर्वोत्तर के जुड़ाव की वजह से हमारी बांग्लादेश पर रणनीतिक निर्भरता काफी बढ़ गई है। डोकलाम में चीनी सक्रियता की वजह से भी बांग्लादेश पर हमारी निर्भरता काफी बढ़ जाती है। यह इलाका भूटान के नजदीक है। इससे हमारे लिए बांग्लादेश की भूमिका और बढ़ जाती है।

> **हाल ही में शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति तो बनी है, लेकिन बांग्लादेश के चीन के साथ भी ऐसे ही समझौते भारत को आशंकित करते हैं। आर्थिक और बैंकिंग क्षेत्र में सहयोग, व्यापार और निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास, आपदा प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं में चीनी कंपनियों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। चिटगांव क्षेत्र में एक स्मार्ट सिटी बनाने की योजना समेत ऊर्जा आपूर्ति और नदी परियोजनाओं में चीन की दिलचस्पी से साफ है कि चीन बांग्लादेश के विकसित राष्ट्र बनने के सपने का प्रमुख भागीदार बन गया है।**

भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए ख्वावे का सीमाई इलाकों में प्रभावशील रहना चिंताजनक है। अमेरिका अपने यहां ख्वावे के साथ व्यापार करने पर प्रतिबंध लगा चुका है और चाहता है कि उससे जुड़ी सहयोगी कंपनियों को भी 5जी नेटवर्क से हटाया जाए। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। चीन के 2017 के 'राष्ट्रीय जासूसी कानून' के अनुसार किसी भी संगठन को राष्ट्र के खुफिया काम में समर्थन और सहयोग देना आवश्यक है। इसका मतलब है कि चीन ख्वावे को किसी काम के लिए आदेश दे सकता है। इसलिए इसे लेकर अमेरिका और भारत की आशंका निर्मूल नहीं है।

चीन रक्षा क्षेत्र में बांग्लादेश का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। दोनों देशों के बीच सहयोग सैन्य हार्डवेयर, समुद्री गश्ती जहाज, कोरवेट, टैंक, लड़ाकू जेट के साथ ही सतह से हवा में मार करने वाली और जहाज रोधी मिसाइलों तक बढ़ गया है। भारत की हिंद प्रशांत रणनीति की दृष्टि से बांग्लादेश बेहद महत्त्वपूर्ण है। वहीं पूर्वोत्तर में अलगाववादी विद्रोहियों पर दबाव बनाए रखने के लिए बांग्लादेश के सहयोग की भारत को सदा जरूरत होगी। बांग्लादेश के नौसैनिक मामलों में चीन की भागीदारी बढ़ रही है। इस तरह हिंद प्रशांत क्षेत्र में उसने अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है।

हाल ही में शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति तो बनी है, लेकिन बांग्लादेश के चीन के साथ भी ऐसे ही समझौते भारत को आशंकित करते हैं। आर्थिक और बैंकिंग क्षेत्र में सहयोग, व्यापार और निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास, आपदा प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं में चीनी कंपनियों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। चिटगांव क्षेत्र में एक स्मार्ट सिटी बनाने की योजना समेत ऊर्जा आपूर्ति और नदी परियोजनाओं में चीन की दिलचस्पी से साफ है कि चीन बांग्लादेश के विकसित राष्ट्र बनने के सपने का प्रमुख भागीदार बन गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता जल बंटवारे को लेकर चले आ रहे विवाद का समाधान नहीं हुआ है, अब चीन ने तीस्ता परियोजना को पूरा करने की इच्छा जताई है। तीस्ता परियोजना में चीन की भूमिका उसे भारतीय सीमा के बहुत करीब ले आएगी और उसका दायरा सिलीगुड़ी गलियारे के करीब तक होगा।

प्रधानमंत्री शेख हसीना बांग्लादेश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जिस 'विजन 2041' पर काम कर रही हैं, उसमें उनकी कूटनीति चीन की तरफ झुकी नजर आती है। इस योजना के चार मुख्य आधार तय किए गए हैं- सुशासन, लोकतंत्रीकरण, विकेंद्रीकरण और क्षमता निर्माण। चीन की कर्ज नीति के चलते दुनिया के कई देशों में सुशासन और लोकतांत्रिक सरकारों को गहरी चोट पहुंची है। बेहद गरीबी से उबार कर शेख हसीना का अपने देश को विकसित देश बनाने का सपना तो अच्छा है, लेकिन उसमें चीन की व्यापक भागीदारी बांग्लादेश के भविष्य के लिए दुविधापूर्ण है ही, भारत की एकता और अखंडता के लिए भी समस्या बढ़ सकती है।

अहं की दीवारें

प्रदीप उपाध्याय

आजकल जिधर देखें, वहां 'मैं' का बोलबाला दिखता है। यह भाषा का नहीं, व्यक्ति का 'मैं' है। इस 'मैं' में ही सब कुछ है, दूसरा तुच्छ, दोयम दर्जे का हो जाता है। इसमें अहंकार परिलक्षित होता है, दंभ दिखाई देता है, स्वयं के श्रेष्ठ होने का मिथ्या अभिमान आभासित होता है! जबकि प्रत्येक मनुष्य में गुण-अवगुण का सम्मिश्रण होता है। कोई भी व्यक्ति परिपूर्ण नहीं है, लेकिन जिसमें अपने गुणों को जानने-समझने का माद्दा होगा, वह अपने अवगुणों से स्वयं ही विरत हो जाएगा। जब कोई भी अपने आप में परिपूर्ण नहीं है, तब स्वयं की श्रेष्ठता का कैसा मिथ्याभिमान! पद-हैसियत, संपन्नता किसी मनुष्य को श्रेष्ठ नहीं बनाते। अगर कोई अपने पद, अपनी हैसियत, आर्थिक संपन्नता के आधार पर श्रेष्ठता का घमंड करता है, तो यह उचित नहीं है। श्रेष्ठीजन अपनी बुद्धि के साथ विवेक से संचालित होते हैं, जिसके कारण उनमें अहंकार का भाव जागृत हो ही नहीं सकता। विवेकशून्य व्यक्ति ही अहंकार के वशीभूत होकर अपने सामने दूसरों को निकृष्ट मान बैठता है, जबकि व्यक्ति अपने गुणों और अपने अच्छे स्वभाव तथा व्यवहार के कारण ही सम्मान का अधिकारी होता है।

अपनी श्रेष्ठता का बखान करने वाले अहंकारी ही होते हैं। किसी व्यक्ति, समूह, वर्ग, विचार या फिर पंथ की श्रेष्ठता तभी मान्य हो सकती है, जब अन्य को यह महसूस हो, उनकी स्वीकृति प्राप्त हो और उन्हीं के द्वारा यह बात कही जाए। दबाव, हिंसा या अनैतिक आधार पर उच्चता साबित नहीं हो सकती है। यह अहंकार की अभिव्यक्ति ही होगी। अहंकारी मन किसी भी तरह के सत्य को सुनने की क्षमता को नष्ट कर देता है। अहंकार के साथ झूठ है, फरेब है। किसी ने कहा भी है कि 'अहंकार में तीनों गए, बल, बुद्धि और वंश, न मानो तो देख लो, कौरव, रावण और कंस'।

कहा गया है कि अहंकार राजा रावण का भी नहीं रहा। त्याग, सहनशीलता, विनम्रता के गुणों के कारण राजा राम पूजे जाते हैं, लेकिन आज के दौर में जहां किसी को कोई पद-प्रतिष्ठा प्राप्त हुई नहीं कि उसमें अहंकार का भाव उत्पन्न हो जाता है। इस स्थिति में वह अपने से नीचे वाली स्थिति के व्यक्तियों की तौहीन करने लगता है, अपमानित करने लगता है। जबकि व्यक्ति के बड़ा होने पर उससे बड़प्पन की दरकार रहती है, न कि उसके अहंकारी हो जाने की।

निस्संदेह जब व्यक्ति में अहंकार कूट-कूट कर समा जाता है, तब उसकी सोचने-समझने की क्षमता का भी ह्रास हो जाता है। यानी अहंकारी व्यक्ति अच्छे-बुरे में भेद करने की क्षमता खो देता है। उसे लगता है कि जो वह कह रहा है या जो वह कर रहा है, वही सत्य है, बाकी सब मिथ्या।

अहंकारी व्यक्ति सदैव श्रेष्ठता के मद में रहता है, दूसरे उसे तुच्छ और हीन ही दिखाई देते हैं। उसे लगता है कि जो भी है, वह स्वयं है। उस पर 'मैं' का मिथ्या भाव हावी होने लगता है। जहां मैं है, वहां अहंकार है, दुख है, पीड़ा और पराभव है। अहंकारी मन अंतर्मन से उद्वेलित रहता है, समुद्र की लहरों की तरह अशांत। जो भी सामने आ जाए, उसे बहा ले जाने को उद्धत या फिर अपने में समा लेने की चाहत। अपने प्रति विरोध का स्वर कुचल देने की धृष्टता। जबकि इसके विपरीत जहां 'हम' का भाव समाहित हो जाता है, वहां सहयोग है, सद्भाव है। सुख है, मन झील के ठहरे हुए जल-सा शांत और निर्मल भाव में रहता है। कहीं कोई उद्वेग नहीं, कहीं कोई ईर्ष्या-द्वेष नहीं, सभी के प्रति समभाव, सद्भाव। दूसरों के अस्तित्व का सम्मान, उनके विचारों के प्रति कोई राग-द्वेष नहीं। सह-अस्तित्व की आकांक्षा यहीं आकर बलवती होती है।

अहंकार सत्य को स्वीकार नहीं करता और सत्य को स्वीकार करने वाला कभी अहंकार नहीं करता। एक अकेला कुछ नहीं कर सकता। एक और एक ग्यारह होते हैं। उस एक को भी मान्यता समवेत होकर ही मिल सकती है। एक अकेला कभी भारी नहीं हो सकता। सेनापति भी अपनी सेना के बल पर ही आगे बढ़ सकता है और लड़ सकता है। सेनापति की विजय में भी सेना का ही बल होता है। विश्व विजेता कहे जाने वाले सिकंदर ने भी अपने विश्व विजय के अभियान में सेना का ही साथ लिया था। यानी सहयोग और सदाचार से ही जीवन रथ आगे बढ़ सकता है। फिर अहंकार किस बात का!

यहां एक उद्धरण जोड़ना भी प्रासंगिक होगा, जिसके अनुसार सिकंदर ने अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त की थी कि जब उसका जनाजा निकाला जाए, तब उसकी दोनों हथेली बाहर की ओर लटकाई जाए, ताकि लोगों को पता चले कि इंसान धरती पर खाली हाथ आता है और खाली हाथ जाता है। ऐसी स्थिति में क्या व्यक्ति को अहंकारी, अभिमानी, घमंडी होना चाहिए? नहीं। जीवन बहुत छोटा है, बहुत सुंदर है। मिलजुल कर, सामंजस्य के साथ रहना सीखना चाहिए। त्याग, सहनशीलता, सहानुभूति, दया, ममता, वात्सल्य के गुणों से लबरेज रहकर लोगों के दिलों को जीतें, न कि घमंड, अहंकार में चूर रहकर अपनों से भी दूर हो जाएं। जीवन तभी संवरेगा और खुशहाल होगा, जब हम अपना अहंकार छोड़कर 'मैं' के स्थान पर 'हम' की भावना से संचालित होकर कर्म करेंगे। किसी ने क्या खूब कहा है- 'बूंद-सा जीवन है इंसान का, लेकिन अहंकार सागर से भी बड़ा है। यहां न बादशाह चलता है, न इक्का चलता है। ये खेल है अपने अपने कर्मों का/ यहां सिर्फ कर्मों का सिक्का चलता है।'

दुनिया मेरे आगे

> **अहंकारी व्यक्ति सदैव श्रेष्ठता के मद में रहता है, दूसरे उसे तुच्छ और हीन ही दिखाई देते हैं। उसे लगता है कि जो भी है, वह स्वयं है। उस पर 'मैं' का मिथ्या भाव हावी होने लगता है। जहां मैं है, वहां अहंकार है, दुख है, पीड़ा और पराभव है। अहंकारी मन अंतर्मन से उद्वेलित रहता है, समुद्र की लहरों की तरह अशांत।**

दिखावे के समारोह

पिछले कुछ वर्षों से वैवाहिक कार्यक्रम भव्यता की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। हाल ही में आई जेफरीज की एक रपट के मुताबिक, भारत में हर विवाह पर औसत खर्च 12.5 लाख रुपए है। भारतीय लोग शिक्षा से ज्यादा वैवाहिक कार्यक्रमों पर खर्च करते हैं। हकीकत यह है कि अब शादियां भव्य होती जा रही हैं और रिश्ते खोखले। शादी में किए जाने वाले खर्च को व्यक्ति की प्रतिष्ठा से जोड़ कर देखा जाने लगा है और लोग शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाते हैं। शाही शादियों के पीछे एक बड़ा कारण उपभोक्तावाद की बढ़ती प्रवृत्ति और दहेज की लालसा है। जिस तरह से शादियों में दहेज का लालच बढ़ रहा है, उससे यह सवाल उठेगा कि क्या विवाह अपने स्वार्थ के लिए किया गया एक समझौता है। इसके अलावा, अब शादियों को दिखावे और प्रतिस्पर्धा के रूप में भी देखा जाने लगा है। परंपराओं के मुकाबले सब कुछ पूरी तरह बाजारवाद से प्रभावित है। सवाल है कि हमें इससे क्या प्राप्त हुआ, तो जवाब है बेतहाशा भोजन की बर्बादी, बढ़ती दहेज संस्कृति, लोगों पर बढ़ता कर्ज, बेटियों के जन्म को समस्या के रूप में देखा जाना। इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

– सौरभ बुंदेला, भोपाल, मप्र

प्रकृति प्रथम

कुछ दिनों पहले तक उत्तर भारत के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे थे। लू सैकड़ों जिंदगियां लील गई। अब बारिश कहर बन कर आई। बाढ़, बिजली गिरने, इमारतों के ढहने, जलभराव आदि से लोग मरने लगे। असल में मौसम का यह रौद्र रूप मानव निर्मित है। इसके लिए बढ़ती आबादी, अंधाधुंध विकास, संसाधनों के अत्यधिक दोहन वाली उपभोक्तावादी संस्कृति, मानव का खुद को धरती का मालिक और सर्वश्रेष्ठ प्राणी समझने जैसे कारक शामिल हैं। मौसम से जुड़ी प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए हमें पुनः इस्तेमाल करने की व्यवस्था को भी अपनाना होगा। प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली हर आदत को अपने जीवन से निकालना होगा। प्रकृति प्रथम और मानव अंतिम की सोच अपनानी होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते समय प्राथमिकता प्रकृति को दी जाए और विकास एक सह उत्पाद की तरह हो।

– बृजेश माथुर, गाजियाबाद

बढ़ती खाई

प्रतिभाएं हर व्यक्ति में जन्म से ही निहित होती हैं, चाहे वह गरीब हो या अमीर। बचपन से ही वह व्यक्ति अपने देश और समाज के लिए कुछ अच्छा करने की ललक लिए रहता है। हालांकि ऐसी प्रतिभाएं तब धरी की धरी रह जाती हैं जब उसे अपनी प्रतिभाओं के दोहन के लिए संसाधनों के केंद्रीकरण का सामना करना पड़ता है। आक्सफेम के एक सर्वे के अनुसार मात्र एक फीसद लोगों के पास चालीस फीसद संसाधन और पचास फीसद लोगों के पास केवल तीन फीसद संसाधन हैं। सवाल है कि इस तरह के बंटवारे में कैसा समाज और कैसा देश बनेगा! तमाम वंचित लोग अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए मूलभूत संसाधनों- शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से वंचित रह जाता है और इस गरीबी के दुश्चक्र में फंसता चला जाता है। आखिर उसकी प्रतिभा मर जाती है। इससे समाज में असमानता की गहराई ज्यादा बढ़ती जाती है और संसाधन कुछ एक लोगों तक ही केंद्रित होकर रह जाते हैं।

– दिलीप चौरसिया, बहराइच, उप्र

बिहार की बिसात

सन 2005 से बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर केंद्र में रही भाजपा और कांग्रेस सरकार का रुख सकारात्मक नहीं रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में बिहार की राजनीति एक बार फिर सुर्खियों में है। बिहार के सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर में केंद्र सरकार से विशेष राज्य के दर्जे की मांग की है, जबकि जनता दल (एकी) ने विशेष दर्जे या विशेष पैकेज की बात कही है। इस मांग के समर्थन में राजग में शामिल लोक जनशक्ति और हिंदुस्तान अवाम पार्टी ने भी सुर में सुर मिलाया है, लेकिन इस मांग का अध्ययन करने पर यह पता चलता है कि यह मांग इतनी आसानी से केंद्र सरकार पूरी करने वाली नहीं है। विशेष राज्य के दर्जे की मांग कुछ हद तक राजनीतिक दबाव की परिभाषा में भी आती है। हालांकि देश में कुल मिलाकर ग्यारह ऐसे राज्य हैं, जिनको विशेष दर्जा प्राप्त है।

– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

www.readwhere.com

कला

रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी तट पर भगवान शिव की कलाकृति बनाई।

बोल

ब्रिटेन की नई सरकार से आग्रह करता हूं कि वह यूक्रेन की सेना को रूस के और भीतरी इलाकों पर हमला करने में मदद करे, ताकि उनके देश पर रूस के घातक मिसाइल हमलों को रोका जा सके।
- जेलेंस्की, यूक्रेन के राष्ट्रपति

बोल

सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश के आरोपों के संबंध में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही है, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। - जेक सुलिवन,अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए)

सम-सामयिक

बांग्लादेश में हिंसा : सुप्रीम कोर्ट के दखल की जरूरत क्यों पड़ी

जनसत्ता संवाद

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण रद्द करने की मांग के मुद्दे पर चल रहे हिंसक प्रदर्शनों और झड़पों में कई लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसक घटनाओं के बाद बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था में बदलाव कर स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण को घटा दिया है। अब तक यहां सरकारी नौकरियों में एक तिहाई नौकरियां, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब इसे सात फीसद कर दिया है।

प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को नौकरियों में 30 फीसद तक आरक्षण दिया जाता था।

बांग्लादेश में वर्ष 1972 से ही सरकारी नौकरियों में मुक्ति योद्धा, जिला और महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान था। तत्कालीन सरकार ने पांच सितंबर, 1972 को सरकारी, स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त संस्थानों और विभिन्न निगमों और विभागों में नियुक्ति और आरक्षण के प्रावधान से संबंधित एक आदेश जारी किया था। उसके मुताबिक, ऐसे संस्थानों में प्रथम श्रेणी की नौकरियों में नियुक्ति के मामले में 20 फीसद मेरिट के आधार पर और बाकी 80 फीसद जिलों के लिए आरक्षित किया गया था। इस 80 फीसद में से ही मुक्ति योद्धाओं के लिए 30 फीसद और युद्ध से प्रभावित महिलाओं के लिए 10 फीसद आरक्षण का फैसला किया गया। यानी आरक्षण का एक बड़ा हिस्सा मुक्ति योद्धाओं के लिए आवंटित कर दिया गया। बांग्लादेश के पूर्व सचिव आबू आलम मोहम्मद शहीद खान कहते हैं, असली मुक्ति योद्धाओं में ज्यादातर किसान, मजदूर और बुनकर थे। ये समाज के पिछड़े तबके के लोग थे। यही वजह है कि देश की आजादी के बाद इन मुक्ति योद्धाओं की सहायता के लिए आरक्षण पर विचार किया गया ताकि विकास की राह पर आगे बढ़ सकें।

क्या है मांग

आंदोलनकारी सरकारी नौकरियों में आरक्षण रद्द कर सिर्फ पिछड़ी जातियों के लिए अधिकतम पांच फीसद आरक्षण जारी रखते हुए आरक्षण व्यवस्था में संशोधन की मांग कर रहे हैं। वर्ष 2018 में आरक्षण रद्द करने की अधिसूचना जारी होने से पहले तक सरकारी नौकरियों में मुक्ति योद्धा (स्वाधीनता सेनानी), जिलावार, महिला, अल्पसंख्यक और विकलांग इन पांच वर्गों में कुल 56 फीसद आरक्षण का प्रावधान था।

इसके चार साल बाद वर्ष 1976 में पहली बार आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया गया। उस समय मेरिट यानी योग्यता के आधार पर नियुक्तियों का फीसद बढ़ाया गया और महिलाओं के लिए आरक्षण की अलग व्यवस्था की गई। यानी कुल नौकरियों में से योग्यता के आधार पर 40 फीसद, मुक्ति योद्धाओं के लिए 30 फीसद, महिलाओं के लिए 10 फीसद, युद्ध में जख्मी महिलाओं के लिए 10 फीसद आरक्षण का प्रावधान किया गया और बाकी 10 फीसद नौकरियां जिलों के आधार पर आवंटित की गईं। वर्ष 2018 में आरक्षण रद्द करने की अधिसूचना जारी होने से पहले तक सरकारी नौकरियों में मुक्ति योद्धा , जिलावार, महिला, अल्पसंख्यक और विकलांग इन पांच वर्गों में कुल 56 फीसद आरक्षण का प्रावधान था।

शोध

सामाजिक संबंध से दूर होगा अकेलापन

जनसत्ता संवाद

एक शोध से पता चलता है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने के बराबर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। अकेलेपन से निपटने के लिए, लोगों को आमतौर पर सामाजिक संबंध तलाशने की सलाह दी जाती है। कई लोगों के लिए, यह मार्गदर्शन प्रियजनों, जैसे करीबी दोस्तों, परिवार और रोमांचक साझेदारों के साथ समय बिताने की याद दिलाता है।

दुनिया में लाखों लोग अकेले हैं। यह चिंताजनक है क्योंकि अकेलापन, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' के रूप में परिभाषित किया गया है, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में गिरावट की भविष्यवाणी करता है। साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और गिलियन सैंडस्ट्राम, यूनिवर्सिटी आफ ससेक्स में शोध से पता चलता है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने के बराबर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

अकेलेपन से निपटने के लिए, लोगों को आमतौर पर सामाजिक संबंध तलाशने की सलाह दी जाती है। कई लोगों के लिए, यह मार्गदर्शन प्रियजनों, जैसे करीबी दोस्तों, परिवार और रोमांचक साझेदारों के साथ समय बिताने की याद दिलाता है। लेकिन क्या ऐसे अन्य लोग भी हैं जिन तक हम पहुंच सकते हैं? हाल ही में संचार मनोविज्ञान में प्रकाशित एक शोध में पता चला है कि क्या लोगों के पास 'पुराने दोस्त' हैं - ऐसे व्यक्ति जिनकी वे परवाह करते हैं लेकिन जिनके साथ उनका संपर्क टूट गया है - और कितनी आसानी से इन रिश्तों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। शोध में पाया गया कि कुछ रणनीतियां लोगों को फिर से जुड़ने में मदद कर सकती हैं और, नए शोध में, हमें यह समझ में आ रहा है कि कुछ मूल्य और व्यक्तित्व लक्षण लोगों के लिए भविष्य में संपर्क में रहना आसान बना सकते हैं। सात अध्ययनों की एक शृंखला में पाया गया कि अधिकांश लोगों ने बताया कि उनका कोई पुराना मित्र है। फिर भी, जब 400 से अधिक प्रतिभागियों से पूछा गया कि वे अभी किसी पुराने मित्र तक पहुंचने के लिए कितने इच्छुक हैं, तो अधिकांश ने कहा कि वे तटस्थ या अनिच्छुक थे। वास्तव में, एक अध्ययन में, लोगों ने बताया कि वे किसी अजनबी से बात करने या किसी पुराने दोस्त तक पहुंचने के लिए अधिक इच्छुक नहीं हैं। यह अनिच्छा व्यवहार में भी देखी जा सकती है।

500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ एक अध्ययन में लोगों से तीन से पांच पुराने दोस्तों की सूची बनाने के लिए कहा गया। इसमें पाया गया कि एक पुराना मित्र जितना अधिक अपरिचित महसूस करता है, लोग उससे संपर्क करने के लिए उतने ही कम इच्छुक होते हैं। शोध में पाया गया है कि जब लोग एक सप्ताह तक अजनबियों से बात करने का अभ्यास करते हैं, तो वे इसे लेकर कम चिंतित हो जाते हैं। यदि पुराने दोस्त अजनबियों की तरह महसूस कर सकते हैं, तो क्या ऐसी ही रणनीति लोगों को पुराने दोस्तों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है? यह पता लगाने के लिए, एक प्रयोग किया गया जिसमें कुछ लोगों को तीन मिनट की वार्म-अप गतिविधि को पूरा करने के लिए यादृच्छिक रूप से नियुक्त किया, जिसमें उन्होंने वर्तमान परिवार या दोस्तों को संदेश भेजा। अन्य प्रतिभागियों को यादृच्छिक रूप से एक नियंत्रण स्थिति सौंपी गई थी जिसमें वे केवल तीन मिनट के लिए सोशल मीडिया ब्राउज़ करते थे। बाद में, सभी प्रतिभागियों को एक पुराने मित्र को संदेश लिखने और भेजने का अवसर दिया गया। जबकि केवल 30 फीसद प्रतिभागियों ने नियंत्रण स्थिति में अपना संदेश भेजा, 50 फीसद से अधिक ने वार्म-अप के बाद ऐसा किया, यह दर्शाता है कि संपर्क करने के लिए व्यवहार का अभ्यास करने से यह कार्य आसान हो सकता है।

विश्व परिक्रमा

भारत और रूस की दोस्ती पर अमेरिका की नजर

जनसत्ता संवाद

रूस के साथ भारत की नजदीकियां बढ़ने की वजह से अमेरिका अपनी मनमानी करने लगा है। अब खबर है कि अमेरिका भारत को तेजस लड़ाकू विमान में इस्तेमाल होने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी कर रहा है। इसकी वजह से तेजस के उत्पादन में कमी देखने को मिली है। स्पूतनिक की रपट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इसकी सप्लाई में देरी होती है तो भारत अमेरिका के साथ अनुबंध भी खत्म कर सकता है।

स्पुतनिक ने भारतीय वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के हवाले से लिखा, अगर वाशिंगटन भारत के स्वदेशी विमान तेजस के लिए जेट इंजन की आपूर्ति में पिछड़ता रहा तो अमेरिका के ऊपर सवाल उठ जाएंगे। ऐसे में अनुबंध को भी समाप्त किया जा सकता

है। एअर मार्शल (सेवानिवृत्त) एम माथेस्वरन ने कहा कि अमेरिकी एफ 404 इंजन की सप्लाई में देरी से भारतीय वायुसेना पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि तेजस एमके1 और तेजस एमके1ए के 6 स्क्वाड्रन जल्द ही सर्विस में शामिल किए जाने वाले हैं। माथेस्वरन ने कहा, भारतीय वायु सेना 45 की जगह 32 स्क्वाड्रन से काम चला रही है। अगर तेजस लड़ाकू विमान की अगली पीढ़ी के इंजन भारत को नहीं मिलते हैं तो अनुबंध खतरे में पड़ जाएगा।

वहीं, मीडिया रपट से पता चलता है कि तेजस को बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एअरोनाटिक्स लिमिटेड ने विमान के लिए विकल्पों के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। जब तेजस योजना शुरू हुई थी, तब रूस कावेरी इंजन के लिए भारत के साथ हाथ मिलाने के लिए उत्सुक था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया था।वहीं, रक्षा विशेषज्ञ और भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से सेवानिवृत्त पीके सहगल ने बताया कि भारत के लिए दूरदृष्टि रखना बहुत जरूरी है। 15 साल बाद क्या तकनीक आएगी, यह भी देखना है। पांचवीं पीढ़ी के अलावा छठी पीढ़ी की तकनीक भी आ सकती है। ऐसे में भारत को भी तकनीक के मामलों में दूसरों से आगे रहना है।

जानें-समझें

ट्रंप पर हमला

अमेरिकी सुरक्षा एजंसियों की साख पर सवाल

जनसत्ता संवाद

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले के बाद सीक्रेट सर्विस की आलोचना हो रही है। रिपब्लिकन नेता सुरक्षा एजंसी पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। दुनिया की सबसे खतरनाक सुरक्षा एजंसी में से एक सीक्रेट सर्विस की साख पर उठते सवाल चिंता का विषय है। आइए जानते हैं क्या है सीक्रेट सर्विस और यह कैसे करती है काम।

सीक्रेट सर्विस के कंधों पर मौजूदा एवं पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति एवं पूर्व राष्ट्रपति हमेशा सीक्रेट सर्विस के तेजतर्रार एवं काबिल एजेंटों के सुरक्षा घेरे में रहते हैं। अमेरिका की यह सीक्रेट सर्विस गृह मंत्रालय के तहत आती है। राष्ट्रपति एवं पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा करने के अलावा,यह एजंसी आपराधिक जांच एवं जाली मुद्रा और आर्थिक अपराधों की भी जांच करती है। साल 1901 में राष्ट्रपति विलियम मैकेन्ली की हत्या के बाद इस एजंसी पर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं, उनके परिवार एवं अमेरिका पहुंचने वाले विदेशी नेताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दे दी गई।

कब हुई स्थापना

अमेरिका जब अपने गृह युद्ध के अंतिम दौर से गुजर रहा था तो उस समय अमेरिका में आधी करेंसी के जाली होने का अनुमान था। इसकी जांच के लिए 1865 में डिपार्टमेंट आफ ट्रेजरी के अधीन सीक्रेट सर्विस की स्थापना हुई। जाली नोटों पर बहुत हद तक रोक लगाने के बाद सीक्रेट सर्विस संघीय अपराधों एवं तस्करी जैसे अपराधों की जांच करती रही। आगे चलकर 1908 में जब फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआइ) का गठन हुआ तो सीक्रेट सर्विस के जांच के दायरे को सीमित कर दिया गया। फिर भी साइबर क्राइम सहित बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टर के अपराधों की जांच सीक्रेट सर्विस करती रही। कुछ समय बाद सीक्रेट सर्विस के सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए उसे राजनीति की दिग्गज हस्तियों एवं सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई। एंजसी को जिन राजनीतिक हस्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली। उनमें राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, राष्ट्रपति का परिवार, विदेश से आने वाले राष्ट्राध्यक्ष और चुनाव से 120 दिन पहले राष्ट्रपति एवं उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार शामिल हैं।

बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं

सीक्रेट सर्विस के सदस्य अपने साथ अत्याधुनिक हथियार लेकर चलते हैं। देश के खिलाफ होने वाले किसी भी अपराध के लिए वे बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। मीडिया रपट की मानें तो सीक्रेट सर्विस में करीब 3,200 सदस्य काम करते हैं। इनमें से करीब 1,300 सक्रिय सदस्य हैं जबकि 2000 के करीब तकनीकी, पेशेवर और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े हैं।

कामकाज एफबीआइ-सीआइए से अलग

सीक्रेट सर्विस का कामकाज एफबीआइ से अलग है। संघीय सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई खुफिया सूचनाओं एवं जानकारियों के आधार पर यह एजंसी अपनी जांच को आगे बढ़ाती है। एफबीआइ में काम करने वाले लोग अमेरिकी न्याय विभाग के अधीन आते हैं। वहीं, सेंट्रल इंटेलीजेंस एजंसी (सीआइए) का कामकाज घरेलू नहीं बल्कि विदेशी होता है।

सीआइए अमेरिका से बाहर राष्ट्रपति से जुड़े वैश्विक मुद्दों एवं दुनिया के अन्य देशों के बारे में खुफिया सूचनाएं जुटाती है। इस एजंसी का काम अमेरिकी हितों के लिए जासूसी करना भी है। सीआइए के एजंट्स राष्ट्रीय सुरक्षा पर नीति बनाने वाले लोगों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को भी अपनी खुफिया जानकारियां उपलब्ध कराती है। सीआइए सीधे राष्ट्रपति के निर्देशों का पालन करती है। एफबीआइ भ्रष्टाचार और घरेलू आतंकवाद के मामलों को भी देखती है।

आपको बताते चलें कि अमेरिकी सिक्रेट सर्विस की छवि पर दाग लग चुका है। उनके सर्विस के दौरान अमरिकी राष्ट्रपति जान एफ कनेडी की हत्या हुई थी जबकि रोनाल्ड रीगन पर भी जानलेवा हमला हुआ था।

(फाइल फोटो)

संघीय, राज्य और स्थानीय एजंसियों के साथ सीक्रेट सेवा यह समझने की कोशिश कर रही है कि क्या हुआ, यह कैसे हुआ और हम इस तरह की घटना को फिर से होने से कैसे रोक सकते हैं। हम सभी पहलुओं पर ध्यान दे रहे है।
-किम्बर्ली ए चीटल , सीक्रेट सर्विस प्रमुख

किसी भी खुले इलाके में हमले को रोकना बेहद कठिन है। जांच हमें यह पता करने का मौका देगी कि आखिर गलती कहां हुई और भविष्य में क्या किया जा सकता है। हालांकि यह हमला सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।
- लेफ्टिनेंट कर्नल जार्ज बिवेन्स, पेंसिल्वेनिया राज्य पुलिस

पहले भी हो चुका है हमला

जान एफ कैनेडी : जान एफ कैनेडी अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति थे। 25 नवंबर, 1963 को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डलास यात्रा के दौरान वे एक खुली कार में जा रहे थे तभी उन्हें गोली मारी गई।

अब्राहम लिंकन : अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति थे। लिंकन की 15 अप्रैल, 1865 को वाशिंगटन डीसी के फोर्ड थिएटर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

विलियम मैकिनले : विलियम मैकिनले अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति थे। सितंबर, 1901 में प्रदर्शनी के दौरान जब वह पंक्ति में खड़े थे तब उनको गोली मार दी गई थी। उन्हें दो बार गोली मारी गई थी और आठ दिन बाद उनकी मृत्यु हो गई थी।

व्यक्तित्व

ऐश्वर्य प्रताप : पेरिस ओलंपिक में सोने पर साधेंगे निशाना

जनसत्ता संवाद

एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर अब पेरिस ओलंपिक में सोने पर निशाना साधेंगे। बचपन से ही निशानेबाजी के शौकीन तोमर को जब भी मौका मिलता था। तो वे पढ़ाई करने की बजाय पिता की शाटगन और ब्रेक-बैरल गन को साफ करते थे।

ऐश्वर्य को राष्ट्रीय स्तर पर अपने पहले ही वर्ष में तकनीकी कारणों से निलंबित कर दिया गया था। वह एक साल तक किसी भी टूनामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके। उनके मुताबिक यह उनके करिअर का सबसे कठिन दौर था। ऐश्वर्य मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के रहने वाले हैं। ऐश्वर्य का जन्म तीन फरवरी 2001 को मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के रतनपुर गांव में राजपूत किसान परिवार में हुआ था। ऐश्वर्य के पिता को भी निशानेबाजी का शौक था ऐसे में उनके घर पर पहले से बंदूके मौजूद थी। उनके भाई एक पेशेवर निशानेबाज थे जिसे देखकर ऐश्वर्य ने भी स्कूल के समय से ही इसमें शानदार प्रदर्शन करने का लक्ष्य बना लिया था। 2015 में, ऐश्वर्या ने भोपाल में मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी में वैभव शर्मा के तहत निशानेबाजी में अपना पेशेवर प्रशिक्षण शुरू किया। भोपाल में प्रशिक्षण के दौरान उनकी लगन देखकर कोच ने उन्हें आगे बढ़ाना शुरू किया। चार साल के प्रशिक्षण के बाद ऐश्वर्य ने 2019 एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। इसके बाद साल 2020 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारत के लिए कोटा स्थान पाने में बड़ी सफलता हासिल की। इसके बाद ऐश्वर्य ने देश की राजधानी नई दिल्ली में 2021 में आयोजित विश्व कप प्रतियोगिता में 50 मीटर निशानेबाजी में गोल्ड मेडल जीता। कुछ तकनीकी कारणों से उन्हें 2015 में राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में भाग लेने से एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। हालांकि इसके बावजूद वे रुके नहीं। उन्होंने 10 मीटर एअर राइफल स्पर्धा और 50 मीटर एअर राइफल इवेंट में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन किया। ये उनके लिए काफी बड़ा पल था हालांकि वे टोक्यो में कोई मेडल नहीं ला पाए थे लेकिन अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था। ऐश्वर्य ने निशानेबाजी में कई कीर्तिमान बनाए हैं। वे 2019 एशियाई एअरगन चैंपियनशिप में 10 मीटर राइफल के कांस्य पदक विजेता थे। वे 2019 आइएसएसएफ जूनियर विश्व कप के भी गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके हैं। ऐश्वर्य ने 2023 में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। निशानेबाजी में उनकी उपलब्धियां को देखते हुए साल 2023 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है।

नीट-यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

आइआइटी दिल्ली विशेषज्ञों की टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रपट सौंपे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आइआइटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रपट पेश करेगी। पीठ विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को भी सुनवाई जारी रखेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आइआइटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रपट पेश करेगी।

नीट-यूजी पर्चाफोड़ मामले की जांच में अब सुप्रीम कोर्ट ने आइआइटी दिल्ली को भी शामिल कर लिया है। प्रधान न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को आदेश दिया कि आइआइटी दिल्ली के निदेशक तीन विशेषज्ञों की एक समिति का तत्काल गठन करें। यह समिति प्रवेश परीक्षा में आए एक सवाल के सही जवाब पर राय दे। दरअसल, एक ऐसे सवाल का मसला उठा है, जिसके दो सही उत्तर माने जा रहे हैं। ऐसे में अदालत ने विशेषज्ञों की एक समिति से ही इस पर मंगलवार दोपहर 12 बजे तक जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि भौतिक विज्ञान के दो सही विकल्पों वाले सवाल नंबर 19 की पड़ताल होनी चाहिए। दो सही विकल्प देने से 44 परीक्षार्थियों को बोनस अंक मिले और 4.2 लाख परीक्षार्थियों को नुकसान हुआ है। लिहाजा विशेषज्ञों की राय लिया जाना जरूरी है।

नीट-यूजी 2024 परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में 40 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई आइआइटी के निदेशक को निर्देश के साथ ही खत्म हो गई। यह चौथी सुनवाई थी। अगली सुनवाई 23 जुलाई यानि मंगलवार को होगी। सुनवाई के दौरान एनटीए ने माना कि 3300 से ज्यादा परीक्षार्थियों को गलत प्रश्न पत्र दिया गया था। इन्हें एसबीआइ की जगह केनरा बैंक का प्रश्न पत्र बांटा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आरोपियों के बयान अलग-अलग हैं। अगर पर्चाफोड़ (4 मई) की रात को हुआ है तो जाहिर है कि लीक ट्रांसपोर्टेशन के दौरान नहीं, बल्कि स्ट्रांग रूम से पहले हुआ था। सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि 4,20,774 उम्मीदवारों ने विकल्प दो (पुराने एनसीईआरटी संस्करण का उत्तर) और 9,28,379 उम्मीदवारों ने विकल्प चार का प्रयास किया। एसजी ने कहा कि एनटीए ने परीक्षार्थियों से कई अभ्यावेदन प्राप्त करने के बाद विकल्प दो के लिए अंक देने का निर्णय लिया, जिन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए अपने भाई-बहनों की पुरानी पाठ्य पुस्तकों का उपयोग किया था।

राजौरी में सैन्य चौकी पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

राजौरी, 22 जुलाई (भाषा)।

आतंकी हमला हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में हुई 14वीं घटना है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने एक सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य के आवास पर आतंकवादी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम कर दी। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी के आवास पर हमला करने में शामिल आतंकवादी को मार गिराया गया है और इस घटना में एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है। वाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकवादियों ने वीडीसी के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।'अभियान अब भी जारी है।' इसमें बताया गया कि भारतीय सेना ने राजौरी-रियासी के दूरदराज के इलाके में स्थित वीडीजी के गांव पर संभावित हमले के खतरे को लेकर आई खुफिया जानकारी पर कार्रवाई की।

रणनीतिक टीम ने तत्काल कार्रवाई की, ताकि वीडीसी सदस्य और उसके परिवार को कोई नुकसान नहीं हो। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह करीब चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने सेना की चौकी पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया और इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

प्रधानमंत्री खुद को लोकतांत्रिक साबित करें : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र के शुरु में विपक्ष को लेकर उन्होंने अशोभनीय टिप्पणी की, जबकि उन्होंने '10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।'

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को 'मोदी सरकार' शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। खेड़ा ने एक बयान में कहा कि 'जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था।'

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ मानसून सत्र की शुरुआत की। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री को यह याद दिलाना जरूरी है कि पिछले 10 साल के उनके अन्याय काल में पूरे देश का दम घोंटा गया, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दी है। प्रधानमंत्री मोदी भूल गए हैं कि वो बहुमत की सरकार के प्रधानमंत्री नहीं, दो दलों के सहयोग से चलने वाली राजग सरकार के एक तिहाई प्रधानमंत्री हैं। उन्हें 'मोदी सरकार' शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। उनका कहना था, 'प्रधानमंत्री को स्मरण कराना उचित होगा कि जब वे ये भाषण दे रहे थे, उस वक्त देश के 32 लाख विद्यार्थियों की आवाज को दबाने और उनके साथ आपकी सरकार के अन्याय के खिलाफ देश का सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है।' खेड़ा ने कहा कि देश के 15 से अधिक अग्निवीर देश के लिए प्राणों की आहुति का सपना अपने दिल में रख कर आत्महत्या के लिए मजबूर हो चुके हैं।' उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ये भाषण दे रहे थे, तब देश के 50 करोड़ किसान अपने खेत और अपनी खेती को बचाने के लिए हर दमन, हर अत्याचार को सहते हुए आंदोलन कर रहे हैं, जिनका आपने ढाई साल से गला घोंट रखा है।'

मोदी ने विपक्ष पर 'नकारात्मक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए कहा, प्रधानमंत्री का

गला घोंटने, आवाज दबाने का प्रयास हुआ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना
लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है। राज्यसभा में विनियोग और वित्त विधेयकों पर आठ घंटे की चर्चा और चार मंत्रालयों के कामकाज पर चार-चार घंटे की बहस होने की संभावना है। केंद्रीय बजट मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर सदन में चर्चा के लिए कुल 20 घंटे का समय आबंटित किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर 'नकारात्मक राजनीति' करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का 'दुरुपयोग' करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी 'दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है।'संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के 'प्रधानमंत्री का गला घोंटने' का प्रयास किया।

मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने यह अपील सभी दलों के सांसदों से की। उन्होंने हाल में संपन्न आम चुनाव की ओर संकेत करते हुए कहा, 'गत जनवरी से लेकर (जून में आम चुनाव संपन्न होने तक) हम लोगों के पास जितना सामर्थ्य था, जितनी लड़ाई लड़नी थी... लड़ ली, जनता को जो बात बतानी थी- बता दी। किसी ने राह दिखाने का प्रयास किया, किसी ने गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन अब वो (चुनाव प्रचार का) दौर समाप्त हुआ है, देशवासियों ने अपना निर्णय दे दिया है।'

उन्होंने कहा, 'अब चुने हुए सभी सांसदों का कर्तव्य है, सभी राजनीतिक दलों की विशेष जिम्मेदारी है कि...आने वाले पांच वर्ष के लिए हमें देश के लिए लड़ना है, देश के लिए जूझना है। एक और नेक बनकर जूझना है।' प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से पार्टी लाइन से ऊपर उठने और अगले चार से साढ़े चार वर्षों तक संसद के मंच का उपयोग करने का आ''ान किया। उन्होंने कहा, 'जनवरी 2029 चुनाव का वर्ष होगा। आप उसके बाद जाइए मैदान में। सदन का भी उपयोग करना है, कर लीजिए। वह (आम चुनाव से पहले के) छह महीने, जो खेल खेलने हैं, खेल लीजिए। लेकिन तब तक सिर्फ और सिर्फ देश, देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त करने के लिए जनभागीदारी का एक जन आंदोलन खड़ा कर 2047 के सपने को पूरा करने के लिए हम पूरी ताकत लगाएं।' मोदी ने कहा कि उन्हें बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि 2014 के बाद कोई सांसद पांच वर्ष के लिए आया और कुछ को 10 साल के लिए मौका मिला लेकिन बहुत से सांसद ऐसे थे, जिनको अपने विचारों से संसद को समृद्ध करने का अवसर ही नहीं मिला। उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बिना कहा, 'क्योंकि कुछ दलों की नकारात्मक राजनीति ने देश की संसद के अहम समय को एक प्रकार से अपनी राजनीतिक विफलताओं को ढंकने के लिए दुरुपयोग किया है।'

प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि कम से कम पहली बार सदन में पहुंचने वाले सदस्यों को अवसर और चर्चा के दौरान अपने विचारों को प्रकट करने का मौका मिलना चाहिए। मोदी ने कहा कि उस दौरान 140 करोड़ देशवासियों की आवाज को कुचलने का 'अलोकतांत्रिक' प्रयास हुआ था। उन्होंने पिछले सत्र में राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा पर लोकसभा में उनके जवाब के दौरान विपक्ष के लगातार हंगामे की ओर संकेत करते हुए कहा कि ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का, उनकी आवाज को रोकने का, उनकी आवाज को दबाने का... लोकतांत्रिक परंपराओं में कोई स्थान नहीं हो सकता है।

सद्भाव व सुरक्षा के बीच निकली ब्रज मंडल यात्रा

मुसलिम समूहों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया, इंटरनेट सेवा बहाल

चंडीगढ़, 22 जुलाई (भाषा)।

पिछले साल हिंसा से प्रभावित रही ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। यात्रा संपन्न होने के बाद इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई। हिंद-मुसलिम दोनों समुदायों के लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया। आध्यात्मिक नेता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि इस साल की यात्रा ने पूरे देश में भाईचारे का मजबूत संदेश दिया है।

'हर हर महादेव' और 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए भक्तों ने नल्हड़ महादेव मंदिर से यात्रा शुरू की और बाद में यहां फिरोजपुर झिरका के झिर मंदिर के लिए रवाना हुए। नूंह के उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए कड़ी सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के बीच यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर-10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए।

यात्रा शुरू होने से पहले, बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुसलिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुसलमानों के कई समूहों ने विभिन्न स्थानों पर यात्रा में शामिल संतों और अन्य श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया। अखिल भारतीय इमाम संगठन के अध्यक्ष इमाम उमर अहमद इलियासी शांति की अपील करने के लिए रविवार शाम को नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर गए थे। स्वामी धर्मदेव ने यात्रा के लिए दोनों समुदायों को बधाई दी।

हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी है और उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई झड़पों में दो होमगार्ड और गुरुग्राम की एक मस्जिद के एक इमाम समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा के लिए जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के दो हजार से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है।

आस्था

सोमवार को नूंह के नल्हर महादेव मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा करते साधु।

पेज 1 का बाकी

सरकार ने कहा, बिहार को विशेष दर्जा देने का मामला नहीं बनता

का आर्थिक विकास और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य और अन्य अत्यधिक पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करने का विचार है? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अतीत में राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने कुछ राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा दिया है।

मंत्री ने कहा कि इन राज्यों में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इनमें पर्वतीय और दुर्गम भूभाग, कम जनसंख्या घनत्व या आदिवासी जनसंख्या की बड़ी हिस्सेदारी, पड़ोसी देशों के साथ सीमाओं पर रणनीतिक स्थान, आर्थिक और बुनियादी संरचना के लिहाज से पिछड़ापन और राज्य के वित्त की अलाभकारी प्रकृति शामिल रहीं। चौधरी ने कहा कि फैसला उक्त सूचीबद्ध सभी कारकों और किसी राज्य की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। उन्होंने कहा, 'पूर्व में विशेष श्रेणी के दर्जे के बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आइएमजी) द्वारा विचार किया गया था, जिसने 30 मार्च 2012 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आइएमजी ने यह निष्कर्ष निकाला था कि एनडीसी के मौजूदा मानदंडों के आधार पर बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे का मामला नहीं बनता है।'

वर्ष 2012 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र में थी। राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग सोमवार को राज्यसभा में भी उठी। राजद के सदस्य मनोज झा ने उच्च सदन में बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ-साथ विशेष पैकेज देने की भी मांग उठाई और कहा कि इसके लिए उनकी पार्टी संसद से सड़क तक संघर्ष करेगी। राजद सदस्य ने जद (एकी) की ओर संकेत करते हुए कहा, 'हमारे कुछ साथी जो हमारे साथ काम कर चुके हैं, कहते हैं कि विशेष राज्य न दे सको तो विशेष पैकेज पैकेज दो। विशेष राज्य और विशेष पैकेज के बीच में 'या' नहीं है। बिहार को 'या' स्वीकार नहीं है।

संभावनाएं अच्छी, पर झटकों के लिए तैयार रहे वित्तीय क्षेत्र

तथा ज्यादा 'रिटर्न' की उम्मीदों के कारण सट्टेबाजी की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।समीक्षा में कहा गया है कि देश का वित्तीय क्षेत्र तेजी के रास्ते पर है। कर्ज के लिए बैंक पर निर्भरता कम हो रही है और पूंजी बाजार की भूमिका बढ़ रही है।

भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में यह बदलाव लंबे समय से प्रतीक्षित और स्वागतयोग्य है। इसमें कहा गया है कि हालांकि, पूंजी बाजार पर निर्भरता और उसके उपयोग की अपनी चुनौतियां भी हैं। ऐसे समय जब, भारत का वित्तीय क्षेत्र इस महत्त्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है, उसे झटकों के लिए भी तैयार रहना होगा। साथ ही जरूरी हस्तक्षेप और जोखिम से बचाव को लेकर नियामकीय और सरकारी नीतियों के साथ स्वयं को तैयार करने की भी जरूरत है। इसमें कहा गया है कि आने वाले समय में कंपनियों और बैंकों के मजबूत बही-खाते निजी निवेश को और मजबूत करेंगे। आवासीय रियल एस्टेट बाजार में सकारात्मक रुझान से संकेत मिलता है कि परिवारों के स्तर पर पूंजी निर्माण काफी बढ़ रहा है। इसमें कहा गया है कि सभी नागरिकों को बीमा सुरक्षा और सेवानिवृत्ति सुरक्षा प्रदान करने की भी जरूरत है।

देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बीमा और पेंशन कोष संपत्तियों की हिस्सेदारी क्रमशः 19 फीसद और पांच फीसद है, जबकि अमेरिका में यह 52 फीसद और 122 फीसद है। वहीं, ब्रिटेन में यह 112 फीसद और 80 फीसद है। यानी इसमें आगे सुधार की काफी गुंजाइश है।संसद में पेश समीक्षा में अप्रैल में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.5 फीसद से 7.0 फीसद रहने का अनुमान लगाया गया है।

यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) की 8.2 फीसद की वृद्धि की तुलना में कम है। साथ ही यह चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआइ के 7.2 फीसद अनुमान से भी कम है। समीक्षा की प्रस्तावना में लिखा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है।' हालांकि, इसमें यह भी कहा कि अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका निजी पूंजी के निर्माण को सीमित कर सकती है। समीक्षा में यह स्वीकार किया गया है कि इस वर्ष के लिए वृद्धि दर का अनुमान जताते समय सतर्कता बरती गई है और यह बाजार की अपेक्षाओं से कम है। इस सतर्क रुख का कारण निजी क्षेत्र के निवेश की गति धीमी होने के साथ ही मौसम प्रतिरूप का अनिश्चित होना है। इसमें कहा गया है कि मध्यम अवधि में यदि संरचनात्मक सुधार लागू किए गए तो टिकाऊ आधार पर सात फीसद से अधिक की वृद्धि दर की संभावना बनती है।

समीक्षा में निजी निवेश को बढ़ावा देने, छोटी कंपनियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने, छोटी कंपनियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने और आय असमानता पर गौर करने की भी बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि प्राथमिकताओं में शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को पाटना भी शामिल होना चाहिए।

सवाल उठाकर विवादों में घिरीं वरिष्ठ अधिकारी

बताया। शिवसेना (उद्धव) नेता ने 'एक्स' पर कहा कि यह देखना दिलचस्प है कि नौकरशाह किस तरह से अपनी सीमित सोच और विशेषाधिकार दिखा रहे हैं।सभरवाल की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए 'नेशनल प्लेटफार्म फार द राइट्स आफ द डिसेबल्ड' (एनपीआरडी) की तेलंगाना इकाई ने कहा कि तेलंगाना सरकार को उनकी (सभरवाल) पोस्ट के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। यह दिव्यांगों का अपमान है।

एनपीआरडी, तेलंगाना के अध्यक्ष के वेंकट ने केंद्रीय सेवाओं में दिव्यांगों के लिए कोटा लागू करने के पक्ष में अदालती फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सभरवाल की पोस्ट दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के समानता के मार्गदर्शक सिद्धांत के खिलाफ है। अपनी पोस्ट के लिए हुई आलोचना के मद्देनजर सभरवाल ने सोमवार को दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस बात की भी पड़ताल करें कि आइपीएस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में दिव्यांग आरक्षण क्यों लागू नहीं किया गया है और आइएएस भी इससे अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरी टाइमलाइन पर काफी आक्रोश देखने को मिला है।

दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे इस बात की भी जांच करें कि यह कोटा अभी तक आइपीएस, आइएफओएस और रक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में क्यों लागू नहीं किया गया है। मेरा सीमित तर्क यह है कि आइएएस भी इससे अलग नहीं है। सभरवाल ने 'एक्स' पर चतुर्वेदी और अन्य की टिप्पणियों का भी जवाब दिया है।

नीट : हंगामे के बीच विपक्ष का बहिर्गमन

सुधार के लिए क्या कदम उठा कर रही है? बाद में संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में राहुल गांधी ने वह 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता का मुद्दा संसद के भीतर उठाते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है।इस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उन्हें किसी से बौद्धिकता और संस्कार का प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। देश के लोकतंत्र ने हमारे प्रधानमंत्री को चुना है, वह उनके निर्णय से यहां जवाब दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सदन में देश की परीक्षा प्रणाली को बकवास कहा गया, इससे दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय कुछ नहीं हो सकता। प्रधान ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिन्होंने रिमोट से सरकारें चलाई हैं, उनके समय के शिक्षा मंत्री 2010 में तीन विधेयक लेकर आए थे, उनमें एक विधेयक शिक्षा में सुधार से जुड़ा था। यह मौजूदा सरकार की हिम्मत है कि पर्चाफोड़ पर कानून बनाया गया, लेकिन कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष की क्या मजबूरी थी कि उनके समय लाए गए विधेयक को वापस लिया गया? क्या निजी मेडिकल कालेज और उनकी घूसखोरी के दबाव में इसे वापस लिया गया था? धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट से जुड़े मामले पर केंद्र सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि पिछले सात वर्षों में 70 पर्चाफोड़ के मामले हुए हैं। इस बार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 4,700 केंद्रों पर हुई थी, लेकिन सिर्फ एक जगह बिहार में गड़बड़ी का मामला सामने आया।

इससे पहले कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने दावा किया कि पिछले सात वर्षों में 70 पर्चाफोड़ के मामले सामने आए हैं। सदन में हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सारी परीक्षाओं पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। उनका कहना था कि राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें रहीं हैं, जहां परीक्षाओं पर प्रश्न उठे, हम इसलिए यहां बैठे हैं कि विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल नहीं उठें। इसलिए ऐसी व्यवस्था विकसित करें कि परीक्षा पर सवाल नहीं उठे और इस पर सब सुझाव दें। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार भी उत्तम सुझाव को मानेगी। अगर हम सारी परीक्षाओं पर सवाल उठाएंगे तो उत्तीर्ण होने वाले बच्चों के भविष्य व देश की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर होगा, जो सदन के लिए चिंता का विषय है। वहीं, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितता को लेकर सदन में दावा किया कि धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते बच्चों को न्याय नहीं मिलेगा।

उन्होंने कटाक्ष किया कि यह सरकार पर्चाफोड़ का कीर्तिमान बनाएगी। साथ ही सवाल किया कि क्या सरकार उन छात्रों की सूची जारी करेगी, जिनके सबसे ज्यादा अंक आए हैं। क्योंकि, कुछ परीक्षा केंद्रों पर दो हजार से ज्यादा बच्चे उत्तीर्ण हो गए हैं। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया और कहा कि वे इस सदन में उन पर्चाफोड़ मामलों की पूरी सूची रख सकते हैं, जो अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए थे। इसके बाद प्रधान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। इस बीच शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि नीट-यूजी में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के कोई सबूत नहीं मिले है। सरकार ने सीबीआइ से गहन जांच करने को कहा है।

नाम लिखना जरूरी नहीं, भोजन का ब्योरा दें

की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है। सिंघवी को अतिशयोक्ति से बचने के लिए कहते हुए पीठ ने कहा कि इन आदेशों से सुरक्षा और स्वच्छता के आयाम भी जुड़े हैं।

सिंघवी ने कहा कि कांवड़ यात्रा दशकों से जारी है और विभिन्न धार्मिक आस्थाओं-इस्लाम, ईसाई और बौद्ध धर्म के लोग कांवड़ियों की मदद करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये निर्देश बिना किसी कानूनी अधिकार के जारी किए गए हैं। पीठ ने पूछा कि वे (कांवड़िए) शिव की पूजा करते हैं, हां? क्या वे उम्मीद करते हैं कि भोजन निश्चित समुदाय द्वारा पकाया, परोसा और पैदा किया जाएगा? याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिकारियों ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। मोइत्रा ने अपनी याचिका में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी आदेश पर रोक लगाए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे निर्देश समुदायों के बीच विवाद को बढ़ावा देते हैं।

www.readwhere.com

प्ररूप संख्या आईएनसी –26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

केन्द्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक को सौंपी गई शक्ति) उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप–नियम (5) के खंड (अ) के मामले में

और

मनु महारानी होटल्स लिमिटेड

जिसका पंजीकृत कार्यालय एससीओ–310, तीसरी मंजिल, सेक्टर–29, गुड़गांव–122001, हरियाणा में स्थित है, के मामले में, ...याचिकाकर्ता

आम जनता को यह **नोटिस** दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **"हरियाणा राज्य"** से **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** में स्थानांतरित करने के **16 मई, 2024** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर **एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर पताः **बी–2, विंग द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110 003,** पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्न रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पते पर भी भेजेगाः

मनु महारानी होटल्स लिमिटेड
सीआईएनः U55101HR1988PLC057155
सीएसओ नंबरः 310, तृतीय तल, सेक्टर– 29, गुड़गांव–122001, हरियाणा, ईमेल आईडीः
companysecretary@dsgroup.com

मनु महारानी होटल्स लिमिटेड
की ओर से

हस्ता/–
अतुल जैन
डीआईएन– 00060933
निदेशक

तारीखः 22.07.2024, स्थानः गुरूग्राम

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि बजाज कैपिटल लिमिटेड, जो कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ मर्चेंट बैंकर्स के रूप में पंजीकृत है, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियम, 1992 के तहत, 22 नवंबर, 2011 से प्रभावी, पंजीकरण संख्या INM000010544 के साथ, और जिसका पंजीकृत कार्यालय मेजेनाइन फ्लोर 97 बजाज हाउस, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली, भारत, 110019 में है, अपने मर्चेंट बैंकर्स लाइसेंस को सरेंडर करने के लिए आवेदन कर रहा है।

इस संबंध में, यदि किसी को कोई शिकायत है, तो वे इसे s c o r e s . g o v . i n पर दर्ज कर सकते हैं या हमें mb@bajajcapital.com पर इस सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ईमेल कर सकते हैं।

Criminal Courts, Ludhiana

In The Court Of Sh Simrandeep Singh Sohi JMIC, Ludhiana

Date: 22-08-2024

next date, purpose of case, orders and judgments as well as other case information is available on http://districts.ecourts.gov.in/ludhiana

M/s Aarti Fashion Knitwear
Vs
M/s Shyam Radhe Enterprises

CNR NO: PBLD03-011976-2021

Publication Issued To: M/s Shyam Radhe Enterprises Address- Through its Prop/authorized Signatory Rameswar Pareek, Shree Ram Shopping Mall, Shop No. 6, Near Sabzi Mandi, Shiv Market, Sardarshahar, Churu, Rajasthan-331403 2) Rameswar Pareek Proprietor Signatory Of M/s Shyam Radhe Enterprises Shree Ram Shopping Mall, Shop No 6, Near Sabzi Mandi, Shiv Market, Sardarshahar, Churu Rajasthan-331403

Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused/accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 22-08-2024 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Ludhiana

JMIC Ludhiana

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

NUPUR RECYCLERS LIMITED

Formerly known as NUPUR RECYCLERS PRIVATE LIMITED
Regd. Office : Plot No. 5, KH 12/8, 12/9, KH-12, Arjun Gali New Mandoli Industrial Area, Delhi - 110093
CIN: L37100DL2019PLC344788, Website: www.nupurrecyclers.com, Email: compliance@nupurrecyclers.com, Tel: +91-8882704751

EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2024 (Amount in Rs. Lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		30.06.2024 (Unaudited)	31.03.2024 (Audited)	30.06.2023 (Unaudited)	31.03.2024 (Audited)
1	Total Income from Operations	3,797.89	4,533.25	4,811.91	24,618.81
2	Profit before exceptional items and tax	648.35	235.58	346.02	1,257.58
3	Profit before tax	648.35	235.58	346.02	1,257.58
4	Profit after tax	505.92	173.04	291.42	862.08
5	Total Comprehensive Income for the year/period	783.83	365.28	319.21	1,390.85
6	Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	6,863.90	6,863.90	4,576.00	6,863.90
7	Other equity				1,693.42
8	Earnings Per Share (Face value of Rs. 10/- each)				
	Basic (in Rs.) (not annualised)	0.65	0.24	0.49	1.05
	Diluted (in Rs.) (not annualised)	0.65	0.24	0.49	1.05

Notes :
1 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results are available on the website of the Stock Exchange (NSE) and on the Company's website www.nupurrecyclers.com.
2 Standalone information (Amount in Rs. Lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		30.06.2024 (Unaudited)	31.03.2024 (Audited)	30.06.2023 (Unaudited)	31.03.2024 (Audited)
1	Total Income from Operations	3,621.37	4,593.99	1,986.54	18,684.04
2	Profit before exceptional items and tax	402.63	200.35	207.73	974.38
3	Profit before tax	402.63	200.35	207.73	1,444.84
4	Profit after tax	299.25	142.86	153.13	1,055.04
5	Total Comprehensive Income for the year/period	577.16	335.10	181.93	1,563.27
6	Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	6,863.90	6,863.90	4,576.00	6,863.90
7	Other equity				1,702.00
8	**Earnings Per Share (Face value of Rs. 10/- each)**				
	Basic (in Rs.) (not annualised)	0.44	0.21	0.33	1.54
	Diluted (in Rs.) (not annualised)	0.44	0.21	0.33	1.54

3 These financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principal in Ind AS 34 - Interim Financial Reporting, prescribed under section 133 of the Companies Act 2013 read with the relevant rules issued thereunder and the other accounting principles generally accepted in India.
4 Figures for the previous periods have been re-grouped/ rearranged/ restated wherever necessary to make them comparable with those of the current period.

For NUPUR RECYCLERS LIMITED
Sd/-
Rajesh Gupta
Managing Director
DIN - 01941985

Place : New Delhi
Date : 22.07.2024

tru
ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में धनवर्षा फिनवेस्ट लि. के रूप में अभिज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, ए विंग, डी. जे. हाउस, पुराना नगरदास मार्ग, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400069, महाराष्ट्र
जीएसटी नं. : 27एएसीडी9887डी1जेडसी
निगमित पहचान संख्या : एल64920एमएच1994पीएलसी334457

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि बंधककृत स्वर्णाभूषणों की नीलामी का संचालन ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में धनवर्षा फिनवेस्ट लि. के रूप में अभिज्ञात) द्वारा 26 जुलाई 2024 को 11.00 बजे नोएडा सेक्टर–18 में किया जायेगा।
शाखा पता : ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में धनवर्षा फिनवेस्ट लि. के रूप में अभिज्ञात) नोएडा, सेक्टर–18, प्रथम तल कार्यालय सं. 102, विशाल चैंबर, सेक्टर–18, नोएडा–201301
अपनी देयक बकाया धनराशियों का भुगतान करने में विफल हो चुके हमारे अनेक ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित स्वर्णाभूषणों को नीलाम किया जाना है। नीलामी की हमारी सूचनायें, इन उधारकर्ताओं को विधिवत रूप में निर्गत की गई हैं।
शाखा नाम के साथ निम्न वर्णित हमारे अनेक ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित स्वर्णाभूषणों की नीलामी की जानी है।

दिलशाद कॉलोनी शाखा : GL0000000111271, GL0000000180270, GI0000000178169, GL0000000175617, GL0000000181846, GL0000000091722, GI0000000094769, GL0000000089424, GL0000000058953, GI0000000177762.
फरीदाबाद शाखा : GL0000000201289, GL0000000068029, GI0000000175437, GL0000000143258, GL0000000175420, GL0000000159380, GI0000000148633, GL0000000172636, GI0000000148233.
गाजियाबाद शाखा : GL0000000100168, GL0000000194678, GI0000000191502, GL0000000173063, GL0000000178294, GL0000000106723, GI0000000180785, GL0000000183635, GL0000000178371, GL0000000172286, GI0000000104850, GI0000000177109.
किराड़ी शाखा : GL0000000168393, GL0000000120255, GI0000000179197, GI0000000172310, GL0000000113934, GL0000000183233, GI0000000179239.
मयूर विहार शाखा : GL0000000173122, GL0000000145126, GI0000000170210, GL0000000182542, GL0000000176593, GL0000000114227, GI0000000173417.
एनआईटी बी के चौक शाखा : GL0000000170254, GL0000000204325, GI0000000204039, GL0000000180836, GL0000000109808, GL0000000170052, GI0000000181573, GI0000000183391.
नोएडा भंगेल शाखा : GL0000000081063, GL0000000174752, GI0000000178350, GL0000000182345, GL0000000175246, GL0000000118761, GI0000000116911, GL0000000178344, GI0000000180651.
नोएडा सेक्टर–18 शाखा : GL0000000122659, GL0000000084711, GI0000000163477, GL0000000170549, GL0000000173683, GL0000000173569, GI0000000180990, GL0000000087422, GL0000000144824, GI0000000193782, GI0000000146795, GL0000000146952, GL0000000170825, GI0000000182412, GI0000000196002.
उत्तरी घोंडा शाखा : GL0000000095390, GL0000000151259, GI0000000079750, GL0000000082400, GL0000000116503, GL0000000165560, GI0000000155294, GL0000000155288, GL0000000207676, GI0000000079217, GI0000000140540, GL0000000143350, GL0000000155899, GI0000000179360, GI0000000079141, GL0000000154350, GL0000000158434, GL0000000168770, GI0000000167255, GL0000000172094, GI0000000173907.
b) Updation of Indian address/ email address/ mobile number in the records maintained by the Registrar or our Company: www.bigshareonline.com
c) Submission of self-attested PAN, client master sheet and demat account details by non-resident Eligible Shareholders: www.bigshareonline.com

LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE
SRUJAN ALPHA CAPITAL ADVISORS	
Srujan Alpha Capital Advisors LLP **Registered Address:** 112A, 1st floor, Arun Bazar, S.V. Road, Beside Bank of India, Malad (West), Mumbai - 400 064 **Correspondence Address:** Corporate Avenue, 824 & 825, Sonawala Rd, opposite Atlanta Centre, Sonawala Industry Estate, Goregaon, Mumbai, 400 063 **Tel:** +91 022-46030709, **E-mail:** indowind.rightsissue@srujanalpha.com **Investor grievance e-mail:** partners@srujanalpha.com **Website:** www.srujanalpha.com **Contact Person:** Jinesh Doshi **SEBI Registration Number:** INM000012829	**Bigshare Services Private Limited** **Address:** Office No. S6-2, 6th floor, Pinnacle Business Park next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai, Maharashtra, 400 093 **CIN:** U99999MH1994PTC076534 **Telephone:** +91 22 6263 8200/22 **Email:** rightsissue@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com **Investor grievance e-mail:** investor@bigshareonline.com **Contact Person:** Suraj G. **SEBI registration no.:** INR000001385

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

CS B. Sharath, Registered Office: Kothari Buildings, 4th Floor, Chennai Tamil Nadu, 600 034, India.; Tel: 044-28331310
Email : bsharath@indowind.com **Website:** www.indowind.co.in

Investors may contact the Registrar to the Issue or our Company Secretary and Compliance Officer for any pre-Issue or post-Issue related matter. All grievances relating to the ASBA process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSB, giving full details such as name, address of the Applicant, contact number(s), e-mail address of the sole/ first holder, folio number or demat account number, number of Rights Equity Shares applied for, amount blocked, ASBA Account number and the Designated Branch of the SCSB where the Application Form, or the plain paper application, as the case may be, was submitted by the Investors along with a photocopy of the acknowledgement slip.

Investors may contact the Registrar to the Issue or the Company Secretary and Compliance Officer for any pre- Issue/ post-Issue related matters. All grievances relating to the ASBA process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSB, giving full details such as name, address of the applicant, number of Equity Shares applied for, amount blocked, ASBA Account number and the Designated Branch of the SCSB where the CAF, or the plain paper application, as the case may be, was submitted by the ASBA Investors.

For Indowind Energy Limited
On behalf of Board of Directors
Sd/-
B. Sharath
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Chennai
Date: Tuesday, July 23, 2024

Indowind Energy Limited is proposing, subject to requisite approvals, market conditions and other considerations, to issue Equity Shares on a rights basis and has filed a Letter of Offer with National Stock Exchange of India Limited, BSE Limited and Securities and Exchange Board of India for information and dissemination purpose. The Letter of Offer shall be available on website of SEBI at www.sebi.gov.in; the website of NSE at www.nseindia.com the website of BSE at www.bseindia.com website of the Company at www.indowind.co.in and the website of the Lead Manager www.srujanalpha.com. Investors should note that investment in equity shares involves a degree of risk and for details relating to the same, please see the section entitled "Risk Factors" beginning on page 20 of the Letter of Offer. This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. The announcement does not constitute an offer of Equity Shares for sale in any jurisdiction, including the United States and any Equity Shares described in this announcement may not be offered or sold in the United States.

पंजाब नैशनल बैंक | pnb | punjab national bank

सर्कल शास्त्र सेन्टर, नोएडा; शॉप–12 जगत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स गामा 1 ग्रेटर नोएडा गामा–1

शुद्धिपत्र

आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी सूचना अर्थात अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए 22.06.2024 को अंग्रेजी समाचार पत्र– 'फाइनेंशियल एक्सप्रेस' (पेज नंबर 21) और हिंदी समाचार पत्र– 'जनसत्ता' (पेज नं. 22) में **लॉट 2** पर **[मैसर्स शिखर इंटीग्रेटेड कोल्ड चैन प्राइवेट लिमिटेड** के ऋण खाते में] की **क्रमांक सं. 1 एवं 4** पर की सम्पत्तियाँ **भी** अभी बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। इन सम्पत्तियों को बैंक ने 23.07.2024 को होने वाली ई–नीलामी प्रक्रिया से वापस ले लिया है। अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

दिनांक: 22.07.2024 | प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: ग्रेटर नोएडा | पंजाब नेशनल बैंक

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

रोहिणी सी एंड पी शाखा

कब्जा सूचना
(प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **बैंक ऑफ इंडिया**, रोहिणी सी एण्ड पी का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार **श्री राजेश शर्मा और श्रीमती अनिता शर्मा** को मांग सूचना दिनांक **02-05-2024** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रू. 14,04,000/- (रु. चौदह लाख चार हजार मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार, सह–कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार, सह–कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **19.07.2024** को लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार, सह–कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ इंडिया**, रोहिणी सी एण्ड पी शाखा के प्रभार वास्ते **रू. 14,04,000/- (रु. चौदह लाख चार हजार मात्र) और ब्याज इत्यादि सहित** के अधीन होगा।
कर्जदार, का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति नं. 289, ब्लॉक और पॉकेट ई–20, तृतीय तल, सैक्टर–3, क्षेत्रफल 32.3 वर्ग मी, रोहिणी, रिहायशी स्कीम के ले आउट प्लान में, दिल्ली में स्थित, चौहद्दी: उत्तर में – प्लॉट नं. 290, दक्षिण में – प्लॉट नं. 283, पूरब में – प्लॉट नं. 282, पश्मिच में – खुला एरिया

दिनांक : 19-07-2024, स्थान : नई दिल्ली | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

प्ररुप संख्या आईएनसी–25ए
पब्लिक कंपनी से प्राइवेट कंपनी में संपरिवर्तन के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
इंद्रावेस्ट(इंडिया) लिमिटेड
(CIN: U52110DL1978PLC009169)
जिसका पंजीकृत कार्यालय: **602, मर्केंटाइल हाउस 15, कस्तूरबा गांधी मार्ग, सैंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली –110001** में स्थित है, के मामले में
.... **आवेदक**

एतदद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए **शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024** को आयोजित असाधारण आम सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में रूपांतरित करने की इच्छुक है।

कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन / स्थिति के कारण, यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होने की संभावना है, तो वह व्यक्ति, इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए, जिसमें उनके हित / विपक्ष के आधार हों, इस सूचना के छपने के चौदह दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003** को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कंपनी को पंजीकृत पते **602, मर्केंटाइल हाउस 15, कस्तूरबा गांधी मार्ग, सैंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली –110001** में भी भेज दें।

आवेदक के लिए और उसकी ओर से
इंद्रावेस्ट(इंडिया) लिमिटेड
हस्ता /–
रजनी गुप्ता (निदेशक)
डीआईएन : 00142666

तिथि : 22.07.2024
स्थान : नई दिल्ली

प्ररूप संख्या यूआरसी–2
अधिनियम के अध्याय XXI के भाग 1 के तहत पंजीकरण के संबंध में सूचना का विज्ञापन
{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसरण में}

1. सूचना दी जाती है की कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप धारा (2) के अनुसरण में **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050** को एक आवेदन पंद्रह दिनों के बाद, लेकिन तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पहले प्रस्तावित है, की **"लेकवर्कऑफिस क्लब एलएलपी (एलएलपीआईएन: एबीजेड-6370)"** एक एलएलपी को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. **कंपनी के मूल उद्देश्य इस प्रकार हैं:**
भारत और विदेशों में सह-कार्यशील स्थानों को विकसित करना। सह-कार्य स्थान को किराए या पट्टे के आधार पर कॉरपोरेट्स या व्यक्तियों को उप-किराए पर देना। ऐसे सभी अन्य गतिविधियों को करना जो उपर्युक्त व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं
3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारुप संगम और अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि का निरीक्षण **सी/ओ श्री धरम पाल ई-5 एफ/एफ एल/साइड ओल्ड नंबर 133, वेस्टर्न मार्ग लेन नंबर 1 सैदुलाजाब, गदाईपुर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110030, भारत** स्थित पंजीकृत कार्यालय में किया जा सकता है।
4. सूचना दी जाती है की यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के इक्कीस दिन के भीतर **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050,** पर भेज दें तथा इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज दें।

लेकवर्कऑफिस क्लब एलएलपी के लिए
हस्ता/–
राकेश गोयल (नामित साझेदार)
अभिनव त्रिपाठी (नामित साझेदार)

तिथि : 22.07.2024
स्थान : नई दिल्ली

S.S.COLLEGE, JEHANABAD
(NAAC Accredited- Grade 'B')
Website:- www.sscollegejehanabad.org | Email- collegeswamisahjanand@gmail.com

SHORT TERM TENDER NOTICE

S.S. College, Jehanabad intends to upgrade and refurbish the BCA Computer Lab, Smart Classes, language Lab etc. with furniture fixture and equipment and to install Solar Plant at various buildings. In this regard, Sealed quotations are invited from reputed and experienced Contractors / Service Providers, who are registered in Govt. of Bihar Eproc2.0 portal and willing to undertake the assignment. The list of items with specifications and other details can be ascertained from the college during working hours and from the college website https://www.sscollegejehanabad.org

Interested and eligible firms are requested to forward their quotation through Registered / Speed Post alongwith 03 years IT Return, PAN, GST Certificate and MSME Registration Certificate to the undersigned within 07 days from the date of Notice.

The undersigned reserves all the rights to reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Principal
S.S. College Jehanabad

POST-OFFER PUBLIC ANNOUNCEMENT TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF
BANGALORE FORT FARMS LIMITED
Corporate Identification Number: L51101WB1966PLC226442;
Registered Office: 16A, Braboume Road 6th Floor, Kolkata - 700001, West Bengal, India;
Contact Number: +91-90047-54433; **Website:** info@bangalorefortfarms.com; **Email ID:** www.bangalorefortfarms.com

Open Offer for acquisition of up to 12,47,844 Offer Shares representing 26.00% of the Voting Share Capital of Bangalore Fort Farms Limited at an offer price of ₹28.50/- per Offer Share, payable in cash, to the Public Shareholders of the Target Company, by M/s Genesis Trade Links Private Limited, Corporate Acquirer 1, along with the Individual Acquirers, Mr. Vikash Singh, Acquirer 2, and Mrs. Nitu Singh, Acquirer 3, (hereinafter collectively referred to as 'Acquirers') in accordance with the provisions of Regulations 3 (1) And 4, and such other applicable provisions of The Securities And Exchange Board Of India (Substantial Acquisition Of Shares And Takeovers) Regulations, 2011, and subsequent amendments thereto.

This Post-Offer Public Announcement is being issued by Swaraj Shares and Securities Private Limited, the Manager to the Offer ('**Manager**'), on behalf of the Acquirers, in connection with the Offer made by the Acquirers to the Public Shareholders of the Target Company, pursuant to and in compliance with the provisions of Regulation 18 (12) and other applicable provisions under the SEBI (SAST) Regulations ('**Post-Offer Public Announcement**').

This Post-Offer Public Announcement should be read in continuation of, and in conjunction with the: a) Public Announcement dated Wednesday, March 13, 2024 ('**Public Announcement**'), (b) Detailed Public Statement dated Tuesday March 19, 2024, in connection with this Offer, published on behalf of the Acquirers on Wednesday, March 20, 2024, in Financial Express (English) (All Editions), Jansatta (Hindi) (All Editions), Mumbai Lakshadeep (Marathi) (Mumbai Edition), and Duranto Barata (Bengali Daily) (Kolkata Edition) ('**Newspapers**') ('**Detailed Public Statement**'), (c) Draft Letter of Offer dated Thursday, March 28, 2024 ('**Draft Letter of Offer**'), (d) Letter of Offer dated Thursday, June 20, 2024, along with the Form of Acceptance-cum-Acknowledgement ('**Letter of Offer**'), (e) Recommendations of the Independent Directors of the Target Company which were approved on Wednesday, June 26, 2024 and published in the Newspapers on Thursday, June 27, 2024 ('**Recommendations of the Independent Directors of the Target Company**'), and (f) Pre-Offer Public Announcement which was approved on Thursday, June 27, 2024, and published in the Newspapers on Friday, June 28, 2024 ('**Pre-Offer Public Announcement**').

The Public Announcement, Detailed Public Statement, Draft Letter of Offer, Letter of Offer, Recommendations of the Independent Directors of the Target Company, Pre-Offer Public Announcement, and this Post-Offer Public Announcement are hereinafter collectively referred to as '**Offer Documents**' issued by the Manager on behalf of the Acquirers.

The capitalized terms used but not defined in this Post-Offer Public Announcement shall have the meaning assigned to such terms in the Offer Documents.

1.	**Name of the Target Company**	Bangalore Fort Farms Limited, incorporated on October 24, 1966, under the provisions of Companies Act 1956, bearing Corporate Identification Number 'L51101WB1966PLC226442', having its registered office located at 16A, Brabourne Road, 6th Floor, Kolkata, West Bengal, 700001, India.	
2.	**Name of the Acquirers and PACs**	Genesis Trade-Links Private Limited, a Private Limited Company incorporated on Monday, August 22, 2005, under the provisions of Companies Act, 1956, bearing Corporate Identification Number 'U51909WB2005PTC104820', having its registered office located at Hasting Chambers 2nd Floor Room No 15 7C Kiran Shankar Roy Road, Kolkata -700001, West Bengal, India, Acquirer 1. Mr. Vikash Singh, an Indian resident bearing Permanent account Number 'ALQPS5001E' under the Income Tax Act, 1961 resident at 63B Kansari Para Road, Bhawanipore S.O., Kolkata-700025, West Bengal, India, Acquirer 2. Mrs. Nitu Singh, an Indian resident bearing Permanent account Number 'BVRPS6669E' under the Income Tax Act, 1961 resident at 63B Kansari Para Road, Bhawanipore S.O., Kolkata-700025, West Bengal, India, Acquirer 3. There are no persons acting in concert with the Acquirers for the purpose of this Offer.	
3.	**Name of Manager to the Offer**	Swaraj Shares and Securities Private Limited	
4.	**Name of Registrar to the Offer**	Integrated Registry Management Services Private Limited	
5.	**Offer Details**		
5.1	Date of Opening of the Offer	Monday, July 01, 2024	
5.2	Date of Closing of the Offer	Friday, July 12, 2024	
6.	**Date of Payment of Consideration**	The schedule date for settlement is Monday, July 29, 2024. However, since, there has been no tendering by the Public Shareholders for the said Open Offer, payment of consideration is not required.	
7.	**Details of the Acquisition**		
	Particulars	**Proposed in the Offer Document (Assuming full acceptance in this Offer)**	**Actuals**
7.1	Offer Price	₹28.50/-	₹28.50/-
7.2	Aggregate number of Equity Shares tendered	12,47,844	Nil
7.3	Aggregate number of Equity Shares accepted	12,47,844	Not Applicable
7.4	Size of the Open Offer (Number of Equity Shares multiplied by Offer Price per Equity Share)	₹3,55,63,554.00/-	Not Applicable
7.5	**Shareholding of the Acquirer before the Share Purchase Agreement/ Public Announcement**		
a)	Number of Equity Shares	Nil	Nil
b)	% of fully diluted Equity Share capital	Not Applicable	Not Applicable
7.6	**Sale Shares proposed to be acquired by way of Share Purchase Agreement**		
a)	Number of Equity Shares	15,95,693	15,95,693
b)	% of fully diluted Equity Share capital	33.25%	33.25%
7.7	**Equity Shares acquired by way of Offer**		
a)	Number of Equity Shares	12,47,844	Nil
b)	% of fully diluted Equity Share capital	26.00%	Not Applicable
7.8	**Equity Shares acquired after the Detailed Public Statement**		
a)	Number of Equity Shares acquired	Nil	Nil
b)	Price of the Equity Shares acquired	Not Applicable	Not Applicable
c)	% of Equity Shares acquired	Not Applicable	Not Applicable
7.9	**Post-Offer shareholding of the Acquirer**		
a)	Number of Equity Shares	28,43,537	15,95,693
b)	% of fully diluted Equity Share capital	59.25%	33.25%

7.10	**Pre-Offer and Post-Offer shareholding of the Public Shareholders (other than the Acquirer)**				
	Particulars	**Pre-Offer**	**Post-Offer**	**Pre-Offer**	**Post-Offer**
a)	Number of Equity Shares	32,03,707	19,55,863	32,03,707	32,03,707
b)	% of fully diluted Equity Share capital	66.75%	40.75%	66.75%	66.75%

8. The Acquirers accept full responsibility for the information contained in this Post-Offer Public Announcement and for their obligations specified under SEBI (SAST) Regulations.
9. The Acquirers will consummate the Share Purchase Agreement transaction in accordance with the provisions of Regulation 22 (1), of the SEBI (SAST) Regulations, and will make an application for reclassification of themselves as the promoters of the Target Company in accordance with the provisions of Regulation 31A (10) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, including subsequent amendments thereto ('**SEBI (LODR) Regulations**').
10. A copy of this Post-Offer Public Announcement will be accessible on the websites of Securities and Exchange Board of India at www.sebi.gov.in, BSE Limited at www.bseindia.com and the registered office of the Target Company.
11. The capitalized terms used in this Post-Offer Public Announcement shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer, unless otherwise specified.

ISSUED BY MANAGER TO THE OFFER
SWARAJ
Swaraj Shares and Securities Private Limited
Corporate Identification Number: U51101WB2000PTC092621
Principal Place of Business: Unit No 304, A Wing, 215 Atrium, Near Courtyard Marriot, Andheri East, Mumbai- 400093, Maharashtra, India
Contact Person: Pankita Patel/ Tanmoy Banerjee
Contact Number: +91-22-69649999
Email Address: takeover@swarajshares.com
Investor grievance Email Address: investor.relations@swarajshares.com
SEBI Registration Number: INM00012980
Validity: Permanent

On behalf of all the Acquirers
Sd/-
Mr. Vikash Singh
Acquirer

Date: Monday, July 22, 2024
Place: Mumbai

यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

आंचलिक कार्यालय, वसूली विभाग, प्रथम तल, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23753827, 011-49498261, 011-49498285

ई–नीलामी बिक्री सूचना
(सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 5, 6, 7, 8 एवं 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री। नीचे उल्लिखित कर्जदार के खाते में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत निर्गत सूचना के अनुसार अधिकृत प्राधिकारी(यों) द्वारा बैंक के बकायों की वसूली हेतु **"जहाँ है जैसे है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** के आधार पर इसकी बिक्री अधिकार सहित निम्नलिखित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया गया है। **ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 14 अगस्त 2024 को 01:00 बजे अप. से 05:00 बजे अपराह्न के बीच प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार सहित।**

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं.	शाखा का नाम, आईएफएससी कोड, खाता सं., दूरभाष नं. एवं ई-मेल	कर्जदार तथा जमानती का नाम	बकाया राशि (रू. लाख में)	चिन्हित सम्पत्तियाँ	कब्जे का प्रकार	सम्पत्ति के स्वामी का नाम	एमआरपी (रु. लाख में) / ईएमडी (रु. लाख में)	सम्पत्तियों के निरीक्षण की तिथि सम्पर्क व्यक्ति	सरकारी बकाया यदि कोई हो
1.	परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा आईएफएससी कोड: **UCBA0002128** ईएमडी खाता संख्या **01200210002186** **newamb@ucobank.co.in**	**मैसर्स लॉर्ड कृष्णा एजुकेशनल ट्रस्ट** **ट्रस्टी:** श्री जय शंकर श्रीवास्तव, श्री जगमोहन गर्ग, श्री मनोज कुमार सिंह, श्री कुँवर देवेन्द्र सिंह, श्री के के अग्रवाल, श्री पियूष मित्तल, श्री अनिल कुमार गर्ग, श्री राजेश गुप्ता, मधु रानी	रू.524.23 लाख + तथा उस पर अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य आकस्मिक प्रभार	खसरा नम्बर 636, 637, 638, गाँव-छजारसी, कुलीचनगर, परगना-डासना, हापुड़-उ0प्र0 में इंस्टीट्यूशनल सम्पत्ति। प्लॉट का क्षेत्रफल माप-519 वर्ग मीटर खाता नम्बर 29, खसरा नम्बर 636, 637, 638, गाँव-छजारसी, कुलीचनगर, परगना-डासना, हापुड़-उ0प्र0 में इंस्टीट्यूशनल सम्पत्ति। प्लॉट का क्षेत्रफल माप- 1038 वर्ग मीटर खाता नम्बर 274, खसरा नम्बर 615, 619, 621 तथा 635 (156, 156/2 के स्थान पर) गाँव-छजारसी, कुलीचनगर, परगना- डासना, हापुड़-उ0प्र0 में इंस्टीट्यूशनल सम्पत्ति। प्लॉट का क्षेत्रफल माप- 2740 वर्ग मीटर खाता नम्बर 94, खसरा नम्बर 605, गाँव-छजारसी, कुलीचनगर, परगना-डासना, हापुड़-उ0प्र0 में इंस्टीट्यूशनल सम्पत्ति। प्लॉट का क्षेत्रफल माप- 7240 वर्ग मीटर	भौतिक कब्जा	मैसर्स लॉर्ड कृष्णा एजुकेशनल ट्रस्ट	**Rs.682.00 लाख** **Rs.68.00 लाख**	**09.08.2024 सहायक शाखा प्रबंधक श्री ललित मोबाइल: 9896947600**	ज्ञात नहीं

अधिक पूछताछ तथा विवरण के लिए आप श्रीमती नेहा गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल: 7352995388, अथवा श्री नितिन यादव (वरिष्ठ प्रबंधक) मोबाइल: 8802852985 अथवा श्री ललित कुमार (सहा0 शाखा प्रबंधक) मोबाइल: 9896947600 से सम्पर्क कर सकते हैं

नियम एवं शर्तें:-

1. नीलामी बिक्री केवल ई-विक्रय पोर्टल के माध्यम से **"ऑनलाईन ई-नीलामी"/बोली** होगी। सम्भावित क्रेताओं के लिए यूआरएल: **https://ebkray.in** और नीलामी वेबसाइट के लिए यूआरएल: **https://www.ebkray.in** - **नीलामी 14.08.2024 को 01:00 बजे अप. से 05:00 बजे अप.** के बीच प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार सहित उपर्युक्त सम्पत्ति के सम्मुख उल्लिखित समय (भा.मा.स.) के अनुसार होगी।
2. सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपना यूजर आईडी तथा पासवर्ड बनाने के लिए ई-नीलामी पोर्टल पर पंजीकरण कराऐंगे। बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता (**Ebkray**) द्वारा निर्धारित केवाईसी दस्तावेज और पंजीकरण शुल्क प्रदान करके ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। एक बार एमएसटीसी द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, पंजीकरण सभी केवाईसी दस्तावेजों और पंजीकरण शुल्क जमा करने की तारीख से अधिकतम दो कार्य दिवसों की अवधि के भीतर सक्रिय हो जाएगा।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को **Ebkray** हेल्पडेस्क: +918291220220 से अग्रिम में ही पोर्टल के साथ पंजीकृत होना होगा और लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करना होगा जो ई-बोली लगाने के लिए अनिवार्य है।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने और ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट: **https://ebkray.in** पर जाएं।
5. संबंधित विवरण के साथ बोलियां निर्धारित प्रारुप में केवल ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी।
6. उपरोक्त संपत्ति के लिए जमा धरोहर राशि (ईएमडी) पोर्टल पर पंजीकरण के बाद केवल सेवा प्रदाता (**Ebkray**) के वॉलेट में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा फंड ट्रांसफर के माध्यम से जमा की जाएगी।
7. ऑनलाइन जमा किये गये संलग्नक (यूटीआर सं. का उल्लेख करते हुए) सहित संविदा प्रपत्र की एक प्रति सम्बद्ध शाखा के अधिकृत प्राधिकारी /शाखा प्रबंधक, यूको बैंक, सम्बन्धित शाखाओं के पास प्रस्तुत करनी है अथवा ई-मेल द्वारा इसकी सॉफ्ट प्रति ई-मेल: **zonewdelhi.rec@ucobank.co.in** पर भेजनी है।
8. बोली मूल्य न्यूनतम आरक्षित मूल्य (एमआरपी) के बराबर/अथवा अधिक होगा किन्तु **रू.1,00,000/- (रूपये एक लाख मात्र)** के गुणांक में होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि प्रथम ऑनलाइन संविदा (एच1) जो ऑनलाइन फॉरवर्ड नीलामी के दौरान सिस्टम में आती है उसमें संविदाएं जमा करने की अन्तिम तिथि तक प्राप्त उच्चतम संविदाओं से उच्चतर बढ़ोत्तरी की जा सकती है अर्थात् प्रारम्भिक मूल्य से एक बढ़ोत्तरी अथवा बढ़ोत्तरी के गुणक द्वारा प्रारम्भिक मूल्य से उच्चतर। नीलामी के दौरान, एच1 दर से अधिक बोली लगाने के लिए आने वाली अगली बोली एच1 दर से एक वृद्धि मूल्य या कई वृद्धि मूल्यों से अधिक होनी चाहिए।
9. सफल संविदाकारों को विक्रय के उसी दिन उपर्युक्त क्लॉज 7 में उल्लिखित माध्यम से ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया के बन्द होने के तुरन्त बाद संविदा राशि (पहले से प्रदत्त धरोहर राशि सहित) का 25 प्रतिशत जमा करना होगा। क्रय मूल्य का शेष 75 प्रतिशत अधोहस्ताक्षरी द्वारा सफल संविदाकार को स्वीकृति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर अदा करना होगा।
10. यदि सफल संविदाकार उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार संविदा राशि जमा करने में असफल हो जाता है तो संविदाकार द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।
11. असफल संविदाकार(रों) की ज.ध.रा. ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया के बन्द होने पर लौटा दी जायेगी।
12. विक्रय बैंक की पुष्टि का विषय है। यदि कर्जदार/जमानती विक्रय से पूर्व सम्पूर्ण राशि बैंक को अदा कर देता है तो कोई विक्रय संचालित नहीं होगा।
13. सम्पत्ति की बिक्री "जहाँ है जैसे है तथा जो है यही है" आधार पर की जायेगी और इच्छुक संविदाकार को बैंक के प्रभारों के अतिरिक्त किसी प्राधिकरण की सम्पत्ति के सम्बन्ध में ठोस पूछताछ कर लेनी चाहिए और अपनी संविदा प्रस्तुत करने से पूर्व सम्पत्ति के स्वामित्व, गुणवत्ता तथा मात्रा के विषय में स्वयं को सन्तुष्ट कर लेना चाहिए। ऑनलाइन संविदा जमा करने के पश्चात् विक्रय हेतु रखी सम्पत्ति, प्रभारों, किसी अन्य मामले में सम्पत्ति पर ऋणभारों आदि किसी भी प्रकृति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी पूर्व सूचना के तथा बिना कोई कारण बताए किसी संविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने, विक्रय को स्थगित/विलम्बित/निरस्त करने /किसी नियम तथा शर्तों को परिवर्तित करने का पूर्ण अधिकार एवं विशेषाधिकार है।
15. क्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र पंजीकरण प्रभार, सरकार को देय समस्त विधिक बकाये, कर एवं दरें तथा सम्पत्ति से सम्बद्ध वर्तमान तथा भावी व्यय सहित स्टैम्प शुल्क, प्रभार आदि वहन करने होंगे। विक्रय प्रमाणपत्र सफल संविदाकार के नाम से ही निर्गत किया जायेगा।
16. यह विक्रय सरफेसी अधिनियम / नियम 2002 में निर्धारित शर्तों तथा उपर्युक्त शर्तों के अध्ययीन है।

यह प्रकाशन सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत उपर्युक्त कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं के लिए 15 दिवसीय विक्रय सूचना भी है

दिनांक: 22.07.2024 | अधिकृत प्राधिकारी,
स्थान: नई दिल्ली | यूको बैंक, अंचल कार्यालय, वसूली विभाग, नई दिल्ली

खबर कोना

पेरिस ओलंपिक : 49 भारतीय एथलीट खेल गांव पहुंचें

पेरिस, 22 जुलाई (भाषा)।

पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए तीरंदाजी, टेबल टेनिस (टेटे) और हाकी टीमों सहित कुल 49 भारतीय खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के लिए यहां खेल गांव में पहुंच चुके हैं। टेबल टेनिस टीम और 19 सदस्यीय भारतीय पुरुष हाकी टीम सहित 39 खिलाड़ी फ्रांस की राजधानी पहुंचे तो वहीं दस निशानेबाज चेटेउरौक्स पहुंच चुके हैं। तीरंदाजी टीम के सभी छह सदस्य, दो टेनिस खिलाड़ी, एक बैडमिंटन, एक नौकायन खिलाड़ी और दो तैराक भी पेरिस पहुंच चुके हैं।

फ्रांस : टूर डी फ्रांस के विजेता स्लोवेनिया ताडेज पोगाकर साइकल रेस के 21वें चरण की फिनिश लाइन को पार करने के बाद जश्न मनाते हुए।

विश्व कप के आयोजन की समीक्षा को तीन सदस्यीय समिति गठित

कोलंबो, 22 जुलाई (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्ट इंडीज की सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आइसीसी के अन्य दो निदेशक लासन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आइसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, आइसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आइसीसी टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लासन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रपट सौंपेंगे।

चुनावों के बाद ओसीए के पहले भारतीय प्रमुख बनेंगे रणधीर

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पहले भारतीय प्रमुख बनने की राह पर हैं क्योंकि आठ सितंबर को होने वाले चुनाव में वह शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार बचे हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के पूर्व सदस्य और भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) के पूर्व महासचिव 77 साल के रणधीर अभी महाद्वीप की शीर्ष ओलंपिक संस्था के कार्यवाहक प्रमुख हैं।

अटापट्टू का शतक, श्रीलंका ने मलेशिया को 144 रन से हराया

दाम्बुला, 22 जुलाई (भाषा)।

कप्तान चामरी अटापट्टू के नाबाद शतक के बाद शशिनी गिमहानी के फिरकी के जादू से श्रीलंका ने महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में मलेशिया को 144 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। श्रीलंका ने कप्तान चामरी की 69 गेंद में 14 चौकों और सात छक्कों से करिअर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 119 रन की पारी की मदद से चार विकेट पर 184 रन बनाए।

कोहली और मेरा रिश्ता जनता को दिखाने के लिए नहीं : गौतम गंभीर

मुख्य कोच ने कहा, मैदान के बाहर विराट के साथ मेरे रिश्ते मजबूत

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपने और विराट कोहली के रिश्ते के बारे में खुलकर कहा कि कोहली के साथ मेरा किसी तरह का रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं है। यह दो परिपक्व लोगों के बीच रिश्ता है। फिलहाल, हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम 140 करोड़ भारतीयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गंभीर ने आगे यह भी कहा कि मैदान के बाहर उनके साथ मेरे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। लेकिन, यह जनता को दिखाने के लिए नहीं है। यह महत्त्वपूर्ण नहीं है कि मैंने खेल के दौरान या उसके बाद उनके साथ कितनी बातचीत की है।

मुंबई में सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आगे कहा कि कोहली एक संपूर्ण पेशेवर, विश्व स्तरीय एथलीट हैं और उम्मीद है कि वह इसी तरह आगे भी जारी रहेंगे। हम एक ही पृष्ठ पर हैं और भारत को गौरवान्वित महसूस कराने की कोशिश करेंगे।

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2023 के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच मैदान पर जो कुछ भी हुआ, उसने क्रिकेट की दुनिया को चौंका कर रख दिया था। तब गंभीर लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर थे और कोहली रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से खेल रहे थे। दोनों आरसीबी बनाम एलएसजी मैच के बाद मैदान पर ही भिड़ गए थे। दोनों की लड़ाई ऐसे हुई थी की बाकी खिलाड़ियों को बीच बचाव के लिए आना पड़ा था। इसके बाद 2024 में गंभीर ने टीम बदली और वह केकेआर के मेंटर बन गए। इसके बाद केकेआर बनाम आरसीबी मैच के दौरान गंभीर को कोहली के साथ गले मिलते और हंस-हंसकर बात करते देखा गया। तब लगा कि सबकुछ ठीक हो चुका है। अब गंभीर ने खुद विराट के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है।

गंभीर ने कहा कि सहयोगी स्टाफ के बारे में विस्तार से श्रीलंका दौरे के बाद पता चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआइ से बहुत खुश हूं। उन्होंने मुझे अधिकांश चीजे दी जो मैंने मांगी थी।

श्रीलंका दौरे के बाद सहयोगी स्टाफ के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी। अभी अभिषेक और रियान सहायक कोच हैं और टी दिलीप फील्डिंग कोच रहेंगे। साईराज बहुतुले श्रीलंका दौरे के लिए अंतरिम गेंदबाजी कोच हैं।

क्रिकेट

गंभीर ने कहा, कोहली एक संपूर्ण पेशेवर, विश्व स्तरीय एथलीट हैं और उम्मीद है कि आगे भी उनका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। हम मिलकर भारत को गौरवान्वित महसूस कराने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा, सहयोगी स्टाफ के बारे में विस्तार से श्रीलंका दौरे के बाद पता चलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले से मैं बहुत खुश हूं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा अधिकांश मैच खेलें : गंभीर

मुंबई, 22 जुलाई (भाषा)।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि वह चाहते हैं कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली अधिकांश एकदिवसीय और टैस्ट मैच खेलें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2027 एकदिवसीय विश्व कप खेलने के लिए वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे।

भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार मीडिया से सोमवार को रूबरू हुए गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी का कार्यभार प्रबंधन अहम है। लेकिन एक बल्लेबाज के लिए लगातार खेलते रहना जरूरी है। बुमराह के बारे में गंभीर ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि अधिकांश महत्त्वपूर्ण मैचों के लिए वह तरोताजा रहे। इसीलिए कार्यभार प्रबंधन है। सिर्फ जसप्रीत बुमराह ही नहीं बल्कि अधिकांश तेज गेंदबाजों के लिए यह बहुत जरूरी है।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह भी कहा कि 2027 एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए वह चाहते हैं कि रोहित और कोहली अपनी फिटनेस पर फोकस रखें।

भारत के पूर्व क्रिकेटर अजीत अगरकर ने कहा

हरफनमौला हार्दिक पंड्या के लिए फिटनेस बनाए रखना चुनौतीपूर्ण

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने हरफनमौला हार्दिक पंड्या को लेकर खुलासा किया कि पंड्या अब भी हमारे लिए सबसे महत्त्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक हैं। जो कौशल उनके पास है उन्हें ढूंढ़ना बेहद मुश्किल है। लेकिन उनके लिए फिटनेस कई बार चुनौतीपूर्ण रहा है। हमारे पास अगले टी20 विश्व कप से पहले काफी समय है।

मुंबई में सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने आगे कहा कि सूर्यकुमार के पास क्रिकेट के लिहाज से अच्छा दिमाग है और वह टी20 में दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने आगे यह भी बताया कि जब कप्तान चुनने की बात चल रही थी तब हमारे पास यह विषय था कि हम टीम का दारोमदार किसे सौंपे। हम ऐसे कप्तान को चुनना चाहते थे जो भारतीय टीम के लिए आने वाले वक्त में लगभग सभी मैच खेले। अगरकर ने आगे कहा कि कप्तान बदलने का काल लेते वक्त हार्दिक और सूर्यकुमार समेत सभी खिलाड़ियों से बात की गई थी। यानी की हार्दिक को इस बात का अंदाजा पहले ही लग चुका था कि अभी टीम की कप्तानी हमें नहीं मिलेगी।

टी20 विश्व कप 2024 में उपकप्तान रहे हार्दिक पंड्या को भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान माना जा रहा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने सूर्यकुमार यादव को टी20 का नया कप्तान घोषित कर दिया था। हालांकि इस बीच इस फैसले की आलोचना भी हुई, जिसमें यादव को सोशल मीडिया के साथ-साथ पूर्व क्रिकेटरों ने भी टीम के लिए सही नहीं बताया था।

अगरकर ने कहा, फिटनेस एक स्पष्ट चुनौती थी और हम ऐसा खिलाड़ी चाहते थे, जिसके अधिक समय उपलब्ध रहने की संभावना हो। सूर्यकुमार की टी20 बल्लेबाजी को लेकर कभी चिंता नहीं रही है। कप्तानी का फैसला बहुत सोच-समझकर लिया गया था, यह कोई एक रात वाला लिया गया फैसला नहीं था। जब टीम में आपकी जगह खतरे में हो तो कोई खिलाड़ी टीम में अपनी जगह को लेकर सहज महसूस नहीं करता। कप्तानी को लेकर फैसला काफी सोच विचारकर लिया गया है। इसको लेकर काफी विचार लिए गए, ड्रेसिंग रूम से पूछा गया और मुझे लगता है कि सूर्यकुमार इन सभी में खरे उतरे।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। उसके बाद 28 और 30 जुलाई को दो अन्य टी20 मैच होंगे। सभी मैच पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। यादव तीन मैचों में 15 सदस्यीय टी20 टीम की अगुआई करेंगे।

क्रिकेट

अजीत अगरकर।

हार्दिक पंड्या।

अगरकर ने कहा, कप्तान बदलने का काल लेते वक्त सभी खिलाड़ियों से बात की गई थी। हार्दिक को इस बात का अंदाजा लग चुका था कि उन्हें अभी टीम की कप्तानी नहीं मिलेगी। *श्रीलंका* के खिलाफ टी20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। उसके बाद 28 और 30 जुलाई को दो अन्य टी20 मैच होंगे। सभी मैच पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होंगे।

निगरानी

फ्रांस के फ्रेंच पोलीनेसिया में ओलंपिक शुरू होने से पहले सोमवार को सुरक्षा पुख्ता करने के लिए सुरक्षाकर्मी नावों में बैठकर गश्त करते हुए।

ओलंपिक मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय दौरा : श्रीजेश

हाकी इंडिया ने शानदार करिअर और उपलब्धियों के लिए दी बधाई

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 22 जुलाई।

भारतीय पुरुष हाकी टीम के गोलकीपर और कप्तान पीआर श्रीजेश ने सोमवार को संन्यास की घोषणा की। अपने चौथे ओलंपिक में भाग लेने जा रहे श्रीजेश ने बताया कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय दौरा होगा। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था।

हाकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करिअर के लिए बधाई दी। हाकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फार श्रीजेश' का अभियान शुरू किया है, जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश भारत के लिए 328 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। इसके अलावा वह कई राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप में भी हिस्सा ले चुके हैं। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी।

हाकी इंडिया के हवाले से श्रीजेश ने कहा कि जैसा कि मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मैं बहुत गर्व के साथ पीछे मुड़कर अपने करिअर को देखता हूं। उन्होंने कहा, यह यात्रा असाधारण से कम नहीं है और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, कोच, फैंस और हाकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। मेरे टीम के साथी कठिन समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और निश्चित रूप से इच्छा हमारे पदक का रंग बदलने की है।

पीआर श्रीजेश।

घोषणा

हाकी इंडिया के अध्यक्ष डा दिलीप तिर्की ने श्रीजेश को उनके शानदार करिअर के लिए बधाई देते हुए कहा कि श्रीजेश मुश्किल से 18 या 19 साल के थे। *मैंने* उन्हें पहली बार शिविर में देखा था और अगर मुझे सही याद है, तो जब मैं कप्तानी कर रहा था तब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हाकी में पदार्पण किया था।

आइओसी 'ओलंपिक आर्डर' से सम्मानित किए जाएंगे बिंद्रा

नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) 'ओलंपिक आर्डर' से सम्मानित करेगी। पुरस्कार समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आइओसी सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा।

आइओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को बिंद्रा को संबोधित एक पत्र में लिखा, 'मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आइओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक आर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है।'

'ओलंपिक आर्डर' आइओसी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इसके लिए नामांकन ओलंपिक आर्डर समिति द्वारा प्रस्तावित किए जाते हैं और कार्यकारी बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाता है। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'एक्स' पर बिंद्रा को बधाई दी। उन्होंने लिखा, ओलंपिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'ओलंपिक आर्डर से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई।

घोषणा

इंग्लैंड ने दूसरे टैस्ट में वेस्ट इंडीज को 241 रन से हराया

नाटिंघम, 22 जुलाई (एपी)।

जो रूट (122) और हैरी ब्रुक (109) के शतक के बाद स्पिनर शोएब बशीर के पांच विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टैस्ट क्रिकेट मैच में वेस्ट इंडीज को 241 रन से हरा कर तीन मैच की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करिअर का 32वां, जबकि ब्रुक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्ट इंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्ट इंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई।

बशीर ने 41 रन देकर पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्ट इंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हाज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्ट इंडीज को करारे झटके दिए। इसके बाद उन्होंने जेसन होल्डर और आखिरी खिलाड़ी शमर जोसेफ को आउट किया।

वेस्ट इंडीज की तरफ से कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने सर्वाधिक 47 रन बनाए, जबकि होल्डर ने 37 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया।

इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। जवाब में वेस्ट इंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। *दूसरी* पारी में इंग्लैंड ने 425 रन बनाए और 385 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में वेस्ट इंडीज 148 रन बनाकर आउट हो गई।

तीसरे मुकाबले से पहले महिला टीम ने जीते दो मैच | **एशिया कप** | **सेमीफाइनल में जगह बनाना तय, मैच शाम 7 बजे से**

नेपाल से आज भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

दाम्बुला, 22 जुलाई (भाषा)।

भारतीय टीम महिला एशिया कप में ग्रुप ए के मंगलवार को यहां अंतिम मुकाबले में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है, जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है। भारतीय टीम अन्य टीमों की स्थिति पर गौर करने के बजाय अपने विजय अभियान को जारी रखने पर ध्यान देगी। उसने अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसे वह जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी, जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे। विस्फोटक बल्लेबाज घोष ने अमीरात के खिलाफ 29 गेंद पर 64 रन बनाए थे, जिससे भारत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार 200 रन का आंकड़ा छूने में सफल रहा।

हरमनप्रीत ने 47 गेंद पर 66 रन बनाकर सूत्रधार की भूमिका निभाई थी, जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। यहां तक कि पिछले मैच में चोटिल आफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल की जगह टीम में शामिल की गई तनुजा कंवर ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और चार ओवर में केवल 14 रन दिए और एक विकेट भी लिया। इंदु बर्मा की अगुआई वाली नेपाल की टीम ने अमीरात के खिलाफ जीत से अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पाकिस्तान के सामने उसकी एक नहीं चली।

भारत की महिला टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। *नेपाल* पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा लेकिन दूसरे मैच में पाकिस्तान से टीम को नौ विकेट से हार मिली।

भारत की महिला टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, तनुजा कंवर, सजना सजीवन।

नेपाल की महिला टीम : इंदु बर्मा (कप्तान), काजोल श्रेष्ठ, रूबीना छेत्री, सबनम राय, सीता राणा मगर, राजमती ऐरी, पूजा महतो, बिंदू रावल, रोमा थापा, ममता चौधरी, कबिता जोशी, कबिता कुंवर, डाली भट्टा, कृतिका मरासिनी, समझाना खड़का।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 248
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com